पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 2 ◆ रायपुर 20 जुलाई 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत 1383 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति का किया अनुरोध

# छत्तीसगढ़ से सीधे जुड़ेगा अयोध्या

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उनके निवास पर मुलाकात की।



बैठक में राज्य में चल रही सड़क परियोजनाओं और आदिवासी क्षेत्रों में व अयोध्या तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राज्य में सड़क परिवहन को और अधिक सुलभ व सुविधाजनक बनाने के लिए नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। जिस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में



### छत्तीसगढ़ में सड़क परियोजनाओं और आदिवासी क्षेत्रों की कनेक्टिविटी पर चर्चा

उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, राहुल भगत, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी और भारत सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कवर्धा-राजनांदगांव-भानुप्रतापपुर-अंतागढ़-नारायणपुर-गीदम-दंतेवाड़ा-सुकमा मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने बताया यह कुल 482 किमी लंबा राज्य के कुल 6 राष्ट्रीय राजमार्गों एवं 5 जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला अति महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग के निर्माण होने से बस्तर का नक्सल प्रभावित क्षेत्र मुख्यमार्ग से जुड़ेगा एवं नक्सल गतिविधियों में कमी आएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा रायपुर शहर से तीन राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं। एनएच 130बी से 53 को जोड़ने वाले मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा यह मार्ग एनएच घोषित होने से रायपुर शहर का रिंग रोड पूर्ण रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग हो जाएगा।

### आदिवासी इलाकों को मुख्य मार्गों से जोड़ने का प्रस्ताव

*बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के सामाजिक, आर्थिक उन्नति और सुदूर आदिवासी क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए नए राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रस्ताव रखा। साथ ही कुछ मार्गों को नेशनल हाईवे का दर्जा दिए जाने और नए हाईवे बनाने पर भी बात की गई। जिससे प्रदेश की कनेक्टिविटी अन्य जगहों से मजबूत हो सके।*

### रोड कांग्रेस के लिए केंद्रीय मंत्री को निमंत्रण

सीएम साय ने बताया कि, राज्य में सड़क परिवहन को और अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाने के लिए नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा है। इस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि, रायपुर में नवंबर में इंडियन रोड कांग्रेस का 83वां वार्षिक अधिवेशन होने वाला है। इसमें शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री को आमंत्रण दिया गया है।

## मुख्यमंत्री ने की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात



### पुनः नियुक्ति की दी बधाई

**रायपुर/नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की. इस दौरान उन्हें पुनः लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली के संसद भवन में हुई लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात का फोटो सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शेयर किया. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरल-सहज स्वभाव के धनी ओम बिरला के इस कार्यकाल में लोकसभा की गरिमा निश्चित ही और अधिक ऊंचाईयों को प्राप्त करेगी.

नई दिल्ली स्थित संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी से मुलाकात कर पुन: लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी। सरल-सहज स्वभाव के धनी ओम बिरला जी के इस कार्यकाल में लोकसभा की गरिमा निश्चित ही और अधिक ऊंचाईयों को प्राप्त करेगी।

# अच्छे कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को मिले पांच राष्ट्रीय पुरस्कार

रायपुर। भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्यों के लिए आज नई दिल्ली में प्रदान किए गए 'स्पार्क' पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ का दबदबा रहा। राज्य को इसमें विभिन्न श्रेणियों में पांच पुरस्कार मिले।



केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के 'स्पार्क' पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ का दबदबा

50 हजार जनसंख्या श्रेणी में चांपा को द्वितीय पुरस्कार, राज्य स्तर पर छत्तीसगढ़ को तृतीय पुरस्कार

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सूडा और चार नगरीय निकायों को किया पुरस्कृत

प्रदेश के तीन शहरों को अपनी-अपनी श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार, एक नगरीय निकाय को द्वितीय पुरस्कार और राज्य स्तरीय पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली के इंडिया हैबिटॉट सेंटर में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार वितरित किए। छत्तीसगढ़ से गए 20 अधिकारियों और लाभार्थियों की टीम ने अपने-अपने निकायों की ओर से ये पुरस्कार ग्रहण किए। दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले प्रतिष्ठित 'स्पार्क 2023-24' पुरस्कारों के अंतर्गत दस लाख तक जनसंख्या श्रेणी में बिलासपुर नगर निगम को पूरे देश में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

**दस लाख तक जनसंख्या श्रेणी में बिलासपुर, तीन लाख जनसंख्या श्रेणी में रायगढ़ और एक लाख जनसंख्या श्रेणी में भाटापारा को प्रथम पुरस्कार**

वहीं तीन लाख तक जनसंख्या श्रेणी में रायगढ़ नगर निगम को और एक लाख तक जनसंख्या श्रेणी में भाटापारा नगर पालिका को पूरे देश में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। चांपा नगर पालिका को 50 हजार तक जनसंख्या श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार मिला। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में श्रेष्ठ कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को पूरे देश में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि के लिए सूडा और चारों नगरीय निकायों की टीम के साथ ही प्रदेशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रदत्त ये पुरस्कार राज्य के लिए सम्मान का विषय है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वरोजगार और कौशल विकास के साथ ही शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता प्रदान की जा रही है।

# व्यर्थ का श्रेय लेने का प्रयास न करें विधायक - यदू

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाजपा पार्षद व्यास नारायण यदू ने कांग्रेस विधायक इन्द्र साव पर भ्रामक प्रचार कर झूठा श्रेय लेने का आरोप लगाया है प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति मे यदू ने कहा है कि 15 वें वित्त आयोग की राशि की स्वीकृति राज्य शासन द्वारा भाटापारा पालिका को दी गई है उक्त राशि का झूठा एवं व्यर्थ श्रेय इन्द्र साव लेकर पेपरबाजी कर रहे है जबकि वित्त आयोग की राशि नियमानुसार सभी पालिका, निगम व नगर पंचायत को समय समय पर जारी की जाती है यह राशि केन्द्रीय मद से प्राप्त होता है लेकिन भाटापारा के कांग्रेस विधायक उपरोक्त मद की दो करोड़ की राशि को अपने द्वारा स्वीकृत कराये जाने की बात कर जनता को गुमराह कर रहे है यदू ने आगे कहा है कि भाटापारा पालिका मे जब से कांग्रेसी बैठे है तब से पालिका की स्थिति बद से बदतर हो गई है पिछले पांच वर्षो



मे एक भी विकास के कार्य नहीं कराये गये है और तो और पेयजलापूर्ति, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था जैसे जरूरी सेवाओं को भी नियमित रूप से कांग्रेसी पालिकाध्यक्ष व उनके सहयोगी नहीं करा पा रहे है पूरे शहर मे अतिक्रमण अवैध निर्माण का बोलबाला है तमाम कार्य पालिका को क्षति पहुंचाते हुये किये जा रहे है चाहे वह बोर का पाईप बदलने का काम हो या सफाई टेंक के मशीन द्वारा सफाई कार्य किये जाने का मामला हो यह फि र भवन अनुज्ञा जारी करने का कार्य हो इस मद मे पालिका प्रशासन को भरपूर राजस्व क्षति पहुंचाने का काम किया गया है और तो और संपूर्ण टैक्स वसूली मे भी घोर लापरवाही बरतने के कारण पालिका की स्थिति बद से बदतर हो गई है यदू ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र मे चुने गये कांग्रेस विधायक को पहले अपने कांग्रेसी नेतृत्व वाली पालिका को सुधारने की दिशा मे काम करना चाहिये आज जनता पूछ रहीं है कि भाटापारा मे बस स्टैड कहां पर है इस बात को विधायक व पालिकाध्यक्ष बतावें।

# तेज रफ्तार माजदा का ब्रेक फेल होने से अनेक वाहन क्षतिग्रस्त

**भाटापारा।** शहर के अति व्यस्त चौक बस स्टैड बब्बू होटल के समीप यातायात व्यवस्था कमजोर होने के कारण आये दिन वहां पर दुर्घटना होने का सिलसिला लगातार जारी है शनिवार को एक तेज रफ्तार माजदा वाहन का ब्रेक फ े ल हो जाने से बब्बू होटल बस स्टैड के समीप स्कार्पियों व अनेक तीन पहिया वाहन इसकी चपेट मे आकर क्षतिग्रस्त हो गये संयोग से जनहानि नहीं हुई अन्यथा एक बार फि र जन धन की क्षति संभावित थी क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने बस स्टैड चौक पर ट्रेफि क बल की नियमित तैनाती करते हुये बंद पडे सिग्नल को सुधारने एवं रेल्वे ओव्हर ब्रिज के ढलान के पास भी ट्रेफि क बल तैनात करने की मांग की है।



# शिवरतन शर्मा जगन्नाथ रथयात्रा में हुये शामिल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर में रविवार को रथयात्रा धूमधाम से मनाया गया है। उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा शंकर वार्ड स्थित लटूरिया महाराज मंदिर जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा में शामिल हुए। जगन्नाथ मंदिर में विशेष रस्म के साथ रथ यात्रा निकाली गई है। रथ यात्रा शुरू करने से पहले शिवरतन शर्मा ने प्रभु की प्रतिमा को हाथों से उठा कर रथ में विधि विधान से पुजा अर्चना कर बिठाया। इस मौके पर शिवरतन शर्मा ने सभी प्रदेशवासियों को रथयात्रा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है उतना ही बड़ा उत्सव छत्तीसगढ़ के लिए भी है। महाप्रभु जगन्नाथ जितने ओडिशा के लोगों को प्रिय हैं, उतने



ही छत्तीसगढ़ के लोगों को भी प्रिय हैं, और उनकी जितनी कृपा ओडिशा पर रही है, उतनी ही कृपा छत्तीसगढ़ पर रही है। आज भगवान जगन्नाथ, बलभद्र जी और सुभद्रा के मनहर संबंधों की रसस्नात विश्वप्रसिद्ध रथ यात्रा प्रारंभ हो रही है। भारतीयता के अलौकिक संस्कृति सौंदर्य से सुशोभित इस रथयात्रा उत्सव की आप सब श्रद्धावान को हार्दिक शुभकामनाएं। महाप्रभु जगन्नाथ सभी पर सदैव अपनी कृपा व आशीर्वाद बनायें रखें। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व बहन सुभ्रदा की यह रथ यात्रा सभी के जीवन में शान्ति, समृद्धि लाये, यहीं कामना है। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में नगर सहित आस पास के ग्रामीण श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

# भाटापारा में अग्निवीर भर्ती हेतु पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन हुआ


ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शासकीय ईतवारी राम यादव हायर सेकेडरी स्कूल मे गत दिनो जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय एवं जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत की उपस्थिति मे अग्निवीर वायु सेना भर्ती हेतु पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय वायु सेना भेपाल के सैन्य अधिकारी सार्जेंट आनंद राय, कारपोरल, रोहित शर्मा तथा स्कूल के प्रभारी प्राचार्य दिनेश शर्मा, जीपी वर्मा, केके यादव, डीपी साहू, पीआर मांझी, बीआर पटेल सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस दौरान आनंद राय ने वायु सेना मे अग्निवीर भर्ती हेतु आवश्यक



तैयारी कैसे करें के बारे मे विस्तार से जानकारी दी वहीं भर्ती मे योग्यता आयु सीमा फ ार्म भरने की नियमावली के संबंध मे भी विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होने उपस्थित छात्रों को बताया कि उनको कितना वेतन मिलेगा और क्या क्या फ ायदें होंगे यह जानकारी भी साझा की गई। अग्निवीर भर्ती की प्रक्रिया 8जुलाई से प्रारंभ हो रहीं है जिसमे फ ार्म भरने की अंतिम तारीख 28 जुलाई है कार्यक्रम का संचालन पी वर्मा ने किया। उपरोक्त अवसर पर रेखा भालेवराव, ए वर्मा, आर वर्मा, के ध्रुव, एस कंवर, जे लकड़ा, कुसुमलता वर्मा, एम कुशवाहा, रितेश चौबे, चित्ररेखा, मनीष सेन, कैलाश साहू, डी साहू व पीसी साव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# नये कानून से बुजुर्ग मां-पिता की सुध लेने की सार्थक पहल



देश में वृद्धों के साथ उपेक्षा, दुर्व्यवहार, प्रताड़ना बढ़ती जा रही है, बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते, वे उनके जीवन-निर्वाह की जिम्मेदारी भी नहीं उठाना चाहते हैं, जिससे भारत की बुजुर्ग पीढ़ी का जीवन नरकमय बना हुआ है, वृद्धजनों की पल-पल की घुटन, तनाव, जीवन-निर्वाह करने की जटिलता एवं उपेक्षा को लेकर समय-समय पर जहां न्यायालयों ने अपनी चिन्ता जतायी है, वहीं सरकार ने कानून बनाकर बुजुर्गों को उन्नत एवं शांति देने के प्रयास किये हैं, लेकिन इसके बावजूद वृद्ध लोगों का जीवन कष्टमय एवं जटिल बना हुआ है। वृद्ध माता-पिता की देखभाल एवं भरण-पोषण की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। अदालतों में गुजारा-भत्ते से जुड़े विवाद बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार वृद्ध माता-पिता की देखभाल के लिये बाध्य करने वाले 2007 के कानून में बदलाव लाकर, इसका दायरा बढ़ाने के मकसद से नये कानून लाने की तैयारी में है। माता-पिता और बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े वर्षों पुराने कानून को प्रभावी व व्यावहारिक बनाने की कोशिश निश्चित रूप से सामाजिक एवं पारिवारिक ताने-बाने में वृद्धों को सम्मानजनक जीवन देने की सार्थक एवं सराहनीय कोशिश है। इस समय देश में करीब 10.5 करोड़ बुजुर्ग लोग हैं और 2050 तक इनकी संख्या 32.4 करोड़ तक पहुंच जाएगी। भारत सहित 64 ऐसे देश होंगे जहाँ 30 प्रतिशत आबादी 60 वर्ष से अधिक उम्र की होगी। एकल परिवार के दौर में बुजर्गों की देखभाल और भरण पोषण एक बड़ी समस्या के तौर पर उभर रही है ऐसे में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुजुर्गों की देखभाल के लिये मेंटिनेंस ऐंड वेलफेयर ऑफ पैरंट्स ऐंड सीनियर सिटिजन ऐक्ट 2007 में संशोधन की पहल की है, नये बिल के मुताबिक अब घर के बुजुर्गों की जिम्मेदारी सिर्फ बेटे ही नहीं, बल्कि बहू-दामाद, गोद लिए गए बच्चे, सौतेले बेटे और बेटियों की भी होगी। बिल लाने का मकसद बुजुर्गों का सम्मान सुनिश्चित करना है। पहले वृद्ध माता-पिता अपनी संतानों से दस हजार रुपये तक का गुजारा भत्ता पाने के हकदार थे। बताया जा रहा है कि नये विधेयक के अनुसार अब माता-पिता का गुजारा भत्ता बच्चों की आर्थिक हैसियत से तय होगा। वहीं बच्चों के साथ कटुता कम करने के प्रयासों में माता-पिता व बुजुर्गों को त्यागने अथवा दुर्व्यवहार पर बच्चों को दी जाने वाली सजा में कमी करने की भी तैयारी है। ऐसा सामाजिक संगठनों से विमर्श के बाद किया गया है। क्योंकि लंबी सजा से माता-पिता और बच्चों के संबंधों में ज्यादा खटास बढ़ती है। कहा जा रहा है कि सरकार बजट सत्र में इस विधेयक को पेश कर सकती है। दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं। भारतीय संस्कृति एवं सभी धार्मिक ग्रंथों में माता पिता को भगवान का रूप माना गया है और उनकी निःस्वार्थ सेवा करने की बात कही गयी है, लेकिन इसके बावजूद कई लोग अपने बुजुर्ग माता-पिता की सेवा करना तो दूर उल्टा उन्हें परेशान करते रहते हैं। इसलिये विभिन्न राज्यों की सरकारें बुजुर्ग आत्म-सम्मान के लिये नये कानून बना रही है। उत्तरप्रदेश में योगी सरकार अब बुजुर्ग मां-बाप की संपत्ति हड़प कर उन्हें बेदखल करने वाले बच्चों के खिलाफ सख्त कानून लाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत माता-पिता की संपत्ति हड़प कर उन्हें घर से बाहर निकलने वाले बेटे-बेटियों की खैर नहीं होगी। कुछ दूसरी तरह से असम सरकार ने वृद्धों की उपेक्षा पर विराम लगाने की दृष्टि से ही राज्य कर्मचारियों के लिए नवंबर में दो विशेष अवकाश शुरू किए हैं, ताकि वे अपने माता-पिता या सास-ससुर के साथ समय बिता सकें। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपनी घोषणा में परिवार के महत्व पर जोर दिया। 6 और 8 नवंबर को मिलने वाली ये विशेष छुट्टियां कर्मचारियों को उनके बुजुर्ग माता-पिता या सास-ससुर से जुड़ने के लिए हैं। इसका उद्देश्य परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के प्रति सम्मान और देखभाल दिखाना है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपनी घोषणा में परिवार के महत्व पर जोर देते हुए कहा है कि 'माता-पिता का आशीर्वाद हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। एक आदर्श नागरिक के रूप में, अपने माता-पिता की भलाई सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है।' असम सरकार ने पूर्व में राज्य विधानसभा ने असम कर्मचारी माता-पिता जिम्मेदारी एवं जवाबेदही तथा निगरानी नियम विधेयक, 2017 या प्रणाम विधेयक भी पारित कर चुकी है। इसका मकसद यह सुनिश्चत करना है कि राज्य सरकार के कर्मचारी अपने वृद्ध हो रहे माता-पिता या शारीरिक रूप से अशक्त भाई-बहन की देखभाल करें नहीं तो उनके वेतन से पैसे काट लिए जाएंगे। पूरे देशभर के लोग इस कानून को असम सरकार का एक अच्छा कदम बताया। नियमों के तहत अगर कोई व्यक्ति (सरकारी कर्मचारी) उसपर निर्भर माता-पिता की देखभाल नहीं करता तो उसके कुल वेतन का 10 प्रतिशत हिस्सा काट लिया जाएगा और वह राशि माता-पिता के खाते में डाल दी जाएगी। दिव्यांग (शारीरिक रूप से अशक्त) भाई-बहन होने की स्थिति में वेतन से 15 प्रतिशत तक हिस्सा काट लिया जाएगा।

भारतीय संस्कृति एवं सभी धार्मिक ग्रंथों में माता पिता को भगवान का रूप माना गया है और उनकी निःस्वार्थ सेवा करने की बात कही गयी है, लेकिन इसके बावजूद कई लोग अपने बुजुर्ग माता-पिता की सेवा करना तो दूर उल्टा उन्हें परेशान करते रहते हैं।

- ललित गर्ग

# धार्मिक कार्यक्रम में होने वाले हादसे रोकने होंगे

*अभी हाथरस के धार्मिक आयोजन में मरने वालों के खून के छींटे साफ भी नहीं हुए थे कि जगन्नाथ पुरी में निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में एक श्रद्धालु की मौत हुई। चार सौ घायल हुए। मुख्यमंत्री ने मरने वाले के परिवार को चार लाख रूपये की सहायता देने की घोषणा की। तो घायलों को मुफ्त इलाज के निर्देश दिए। घटना की जांच के आदेश भी दिये गए हैं। देश में हम धार्मिक आयोजनों को रोक नही सकते। ये हमारी आस्थाओं से जुड़े हैं। धार्मिक आयोजन रोज होतें हैं। गली-गली होते हैं। मुहल्ले-मुहल्ले होते हैं। देश काफी बड़ा है। कहीं न कही से बड़े आयोजन की खबरें आती रहती है।*



इन आयोजनों पर नजर रखनी होंगी, ऐसी व्यवस्था बनानी होंगी कि इनमें भगदड़ न मचें। अव्यवस्था न फैले। भगदड़ और अव्यवस्था फैलने की हालत में ऐसी व्यवस्था बनी हो कि दर्शक आराम में आयोजन स्थल से सुरक्षित निकल सके। हम धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन नहीं रोक सकते किंतु उन्हें हादसों रहित जरूर बना सकते हैं। इसी दिशा में कार्य होना चाहिए।

### धार्मिक कार्य मों में हादसेः-

- दो जुलाई को हाथरस में प्रवचन के दौरान भगदड़ में 121 मरे। गवाह का दावा कि गुरू जी के सेवक ने कहा चरण रज लेकर जाना। तब भगदड़ मची।
- इंदौर में राम नवमी के अवसर पर एक मंदिर में हो रहे हवन में पुरानी बावडी का स्लेब टूटने से 36 मरे।
- 2022 में माता वैष्णो देवी मंदिर में हुई भगदड़ में 22 श्रद्धालु मरे।
- 2015 में आंध्रप्रदेश के गोदावरी नदी के घाट पर भगदड़ में 27 मरे।
- 15 अक्टूबर 2016 को वाराणसी में भीड़भाड़ वाले राजघाट गंगा पुल पर मची भगदड़ में 25 लोगों की मौत हो गई।
- तीन अक्तूबर 2014 को पटना के गांधी मैदान में दशहरा समारोह के समाप्त होने के बाद भगदड़ में 32 जानें गई थीं।
- चार मार्च 2010 को यूपी के प्रतापगढ़ जिले में स्थित मनगढ़ में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में मची भगदड़ में 63 लोगों की जान चली गई थी।
- 10 फरवरी, 2013 को प्रयागराज में रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मच गई थी, जिसमें 40 से ज़्यादा लोग मारे गए।
- पटना में गंगा के तट पर 19 नवंबर 2012 को छठ पूजा के दौरान अचानक अस्थायी पुल ढहने से भगदड़ मच गई थी, इसमें 20 लोगों की मौत हो गई थी., इससे पहले आठ नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा किनारे हरकी पैड़ी पर मची भगदड़ में कम से कम 20 लोगों की जान चली गई थी।
- 4 मार्च 2010 को प्रतापगढ़ के राम जानकी मंदिर में भगदड़ मचने से 63 लोगों की मौत हो गई और 100 से ज़्यादा लोग घायल हो गए।
- 2008 में राजस्थान के जयपुर के चामुंडा मंदिर में बम की अफ़वाह के बाद मची भगदड़ में 250 लोग मरे।
- 2003 में महाराष्ट्र के नासिक के कुंभमेले में मची भगदड़ में 39 मरे।
- महाराष्ट्र के सतारा में साल 2005 की 25 जनवरी को मंधारदेवी मंदिर में सालाना तीर्थयात्रा के दौरान मची भगदड़ में 340 से अधिक श्रद्धालुओं की कुचलने से मौत हो गई थी।

यूपी के हाथरस स्थित सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र के फुलरई में आयोजित भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ से 121 लोगों की मौत के बाद कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। ऐसा नहीं है, पहले भी भीड़भाड़ वाले स्थलों खासकर धार्मिक आयोजनों या धार्मिक स्थलों पर ऐसे हादसे होते रहे हैं। जिसके बाद जांच और कार्रवाई तो होती है पर कोई जिम्मेदार सबक लेते नहीं दिखाई देते। सनातन धर्म में 33 करोड देवी देवता हैं। हिंदू समाज की मान्यता है कि कण-कण में भगवान हैं। हम इतने आस्थावान है कण-कण में भगवान खोजते हैं। स्टोव तक हमारे देवता बन गए। दरअसल हमारे यहां हर गली मुहल्ले में ओझा हैं। भगत है। साधु हैं। सन्त हैं। ज्ञानी हैं। ओलिया हैं। फकीर है। जिसका जितना बड़ा मायाजाल और प्रचार तंत्र है, उसके उतने ज्यादा भक्त और शिष्य हैं। बड़ी बात यह है कि हिंदू समाज में पुरूषों से ज्यादा महिलाएं आस्थावान है। वे ही इन हादसों की शिकार होती है। हाथरस के धार्मिक कार्यक्रम में मची भगदड़ में मरने वालो में महिलाओं की ही संख्या ज्यादा है। इस कार्यक्रम के भक्त गुरू जी के प्रति इतने आस्थावान दिखाई दिए कि उन्हें हादसे का कोई मलाल नही। कुछ महिलाएं तो मीडिया से बात करते कहती नजर आंई कि वे भी मर जाती तो अच्छा होता। सीधे स्वर्ग मिलता। यहां भक्तों की इतनी श्रद्धा हो, वहां सरकार की सख्ती से ही इन हादसों को रोका जा सकता है। आमतौर पर धार्मिक आयोजनों या धर्मस्थलों पर भारी भीड़ उमड़ती है।

साभार... प्रभासाक्षी - अशोक मधुप

# शिवरतन शर्मा के प्रयास से सिमगा व भाटापारा में नया भवन बनेगा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के भाटापारा शहर एवं सिमगा मे नये सिविल कोर्ट भवन निर्माण के लिये राज्य शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। एक लंबे समय बाद राज्य शासन ने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की मांग पर उपरोक्त राशि का आबंटन किया है।

स्वीकृत राशि से सिमगा मे व्यवहार न्यायालय का नया भवन लगभग 6 करोड़ 90 लाख 17 हजार रूपये की राशि से बनाया जायेगा वहीं भाटापारा शहर मे नये भवन के लिये 8 करोड़ 87 लाख 73 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। नये भवन की जरूरत एक लंबे समय से महसूस की जा रहीं थी इस संबंध मे अधिवक्ताओं ने भी शिवरतन शर्मा व शासन का ध्यान आकृष्ट किया था अब नये भवन के लिये राशि स्वीकृति की खबर के बाद क्षेत्र के अधिवक्ताओ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विधी विधायी मंत्री अरूण साव एवं शिवरतन शर्मा के प्रति आभार प्रकट किया है।

शर्मा निवास मे आज अधिवक्ता सुरेश यदू, न्याजी खान, नरेन्द्र यदू, आनंद शर्मा, अनिल मिश्रा, जेके अग्रवाल, माधव साव, तरूण टंडन, सत्यजीत सलूजा, जगदीश अग्रवाल, कैलाश यदू, नरेन्द्र साहू, अंजू साहू, अमन तिवारी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने वहां पहुंचकर शर्मा के प्रति आभार प्रकट किया है। उक्त दोनो स्थानो पर नये भवन निर्माण के लिये 16 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। उक्त राशि के भवन निर्माण से न्यायालय परिसर मे विभिन्न कक्ष का निर्माण होने से अधिवक्ताओं पक्षकारों व न्यायालय मे आने वाले अन्य सभी लोगों को सुविधा प्राप्त हो सकेगा।



## भाटापारा में जगन्नाथ की रथ को खींचने लोगों में मची होड़

**भाटापारा।** शहर मे भगवान जगन्नाथ बलभद्र व सुभद्रा की विराजित रथ को खींचने होड़ मची रहीं रामसप्ताह मंड़प के नजदीक स्थित लगभग सवा सौ साल पुराने लटूरिया मंदिर मे स्थापित जगन्नाथ मंदिर से दोपहर बाद रथयात्रा निकली जिसे खींचने के लिये श्रद्धालु भक्तों के बीच होड़ लगी रहीं। रथ यात्रा को देखने शहर के साथ साथ आस पास के गांव खोलवा, खपराडीह, देवरी, सूरजपुरा, ढाबाडीह, धौराभांठा सिद्ध बाबा, टिकुलिया, खोखली, सुरखी, सेंदरी, दतरेंगी, दतरेंगा, बोड़तरा, गांडाडीह, मुढीपार व कोड़ापार सहित अन्य गांव के लोग भी बडी तादाद मे शहर पहुंचे। रथयात्रा मे भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ लोगों को दर्शन देने स्वयं सड़क पर उतर आये इस दौरान जगह जगह पूजा अर्चना के साथ लोगों ने फ ूल माला बरसाकर जय घोष के साथ रथयात्रा शानदार स्वागत किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से शहर के संपूर्ण मार्ग मे चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी रथयात्रा राम सप्ताह मंडप के पास से प्रारंभ होकर गोविंद चौक, सदर बाजार, पंचायती मंदिर, जैन मंदिर के रास्ते महासती मंदिर मोड़ से हटरी बाजार होते हुये अनाज लाईन होते हुये आजाद चौक सहित अन्य प्रमुख मार्ग के रास्ते वापस लटूरिया मंदिर पहुंची।



## गुमाश्ता एक्ट का खुलेआम उल्लंघन, अवकाश के दिन भी खुल रहीं दुकानें



**भाटापारा।** नगर मे एक लंबे समय से गुमाश्ता एक्ट का पालन नहीं हो रहा है जबकि विभिन्न शहरो मे कड़ाई से गुमाश्ता एक्ट का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। शहर मे मंगलवार को गुमाश्ता एक्ट के तहत दुकान बंद रखने के लिये दिन निर्धारित किया गया है जिसमे ज्यादातर दुकानो मे गुमाश्ता एक्ट के नियमो का पालन नहीं हो रहा है खासकर सदर बाजार, हटरी बाजार व शहर के अन्य हिस्सों मे स्थित दुकानो मे खुलेआम गुमाश्ता एक्ट का उल्लंघन करते हुये प्रातरू से देर शाम तक मंगलवार को भी दुकान संचालन किया जा रहा है। उक्त संबंध मे गुमाश्ता एक्ट का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध अब तक प्रशासनिक स्तर पर कार्यवाही नहीं होने से दिनो दिन दुकान व संस्थान खोलने वालो की संख्या बढती जा रहीं है फ लस्वरूप गुमाश्ता एक्ट का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है।

# छत्तीसगढ़ की चार प्रमुख रेल परियोजनाएं जल्द होगी शुरू

### रेल मंत्री ने परियोजनाओं पर तेजी से कार्य का दिया आश्वासन, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय रेल मंत्री से रेल परियोजनाओं पर की चर्चा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर राज्य की विभिन्न नई रेल परियोजनाओं पर चर्चा की।



रेल भवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री साय ने राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए रेल नेटवर्क के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस दौरान राज्य की चार प्रमुख रेल परियोजनाओं धर्मजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा नई लाइन परियोजना, अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना और रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना को जल्द शुरू करने का आग्रह किया।

#### धर्मजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा नई लाइन परियोजना (240 किमी)

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। यह पत्थलगाँव, कुनकुरी, जशपुर नगर, गुमला आदि महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ती है। यह उत्तरी छत्तीसगढ़ को झारखंड से जोड़ेगी। इस परियोजना के माध्यम से औद्योगिक (कोरबा) क्षेत्र को लोहरदगा से जोड़ने की योजना है। इसके अतिरिक्त, यह क्षेत्र को पूर्व में कोरबा और रांची के होकर मध्य भारत से जोड़ेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 16,000 करोड़ रुपए है।

#### अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना (200 किमी)

इस परियोजना की मांग आजादी से पहले 1925 में की गई थी। हालांकि, 1948 में मंजूरी मिलने के बावजूद यह परियोजना अब तक अधूरी रही। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना अंबिकापुर (उत्तरी छत्तीसगढ़) को बरवाडीह (झारखंड) से जोड़ेगी और परसा, राजपुर, चंदनपुर आदि महत्वपूर्ण शहरों को कनेक्ट करेगी। इस परियोजना के माध्यम से देश के उत्तरी और पूर्वी हिस्से में कोयला और अन्य खनिजों के परिवहन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 9000 करोड़ रुपए है।

#### खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना (277 किमी)

मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना देश के पश्चिमी क्षेत्र में एसईसीएल और एमसीएल कोयला क्षेत्रों की निकासी के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करती है। यह बिलासपुर और रायपुर स्टेशनों को बायपास करते हुए बलौदाबाजार क्षेत्र को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 8000 करोड़ रुपए है।

#### रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना (140 किमी)

रेलवे पहले से ही दल्ली-राजहरा-रावघाट 95 किमी नई रेलवे लाइन का निर्माण कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने सुझाव दिया कि इस लाइन को जगदलपुर तक बढ़ाया जाए, ताकि आदिवासी क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास किया जा सके। यह परियोजना छत्तीसगढ़ के खनिज समृद्ध क्षेत्र से इस्पात उद्योगों तक लौह अयस्क की निकासी के कुशल और पर्यावरण अनुकूल साधन प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 3500 करोड़ रुपए है। बैठक के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन परियोजनाओं की संभावनाओं और लाभों को स्वीकार किया और इन पर तेजी से काम करने का आश्वासन दिया है।

## सड़क पर बिखरे टमाटर को उठाकर ले जाने आस पास के ग्रामीण जुटे

# भाटापारा बलौदाबाजार जर्जर मार्ग पर टमाटर लदे ट्रक व हाईवा में भिडंत

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

*भाटापारा। भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग अपनी जर्जर अवस्था तथा तत्कालिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के बावजूद सड़क मार्ग का उन्नयन कार्य नहीं होने की वजह से हादसा होने वाले मार्ग की काली सूची मे पहुंच गया है।*




शहर से एक ट्रक जो कि मां कर्मा ट्रांसपोर्ट कंपनी की है वह भाटापारा थोक सब्जी मंडी से बलौदाबाजार सब्जी मंडी की ओर जा रहीं थी कि प्रातरू शहर से 11 किलोमीटर दूर ग्राम खम्हरिया अर्जुनी के बीच हादसे की शिकार हो गई विपरित दिशा से एक तेज रफ्तार हाईवा वाहन सीजी 04 एमएस 6680 के साथ टमाटर लदी ट्रक क्रमांक केए 67, 0240 के मध्य भिडंत हो गई इस दुर्घटना के फलस्वरूप हाईवा वाहन मे बैठे दो व्यक्तियों को गंभीर चोट लगी है जिन्हे उपचार के लिये हास्पिटल ले जाया गया है वहीं टमाटर लदी ट्रक के पलट जाने से कैरेट मे भरे टमाटर सड़क पर पूरी तरह बिखर गये इस हादसे की जानकारी आस पास के ग्रामीणों को होने पर भारी तादाद मे ग्रामीण वहां पर पहुंच गये व टमाटर की लूटमार करते हुये उसे उठा उठाकर ले जाने लगे इस बीच भाटापारा पुलिस को जानकारी होने पर बल वहां पहुंचा व स्थिति को संभालते हुये भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग को आवागमन के लिये फि र से चालू कराया बताया जाता है कि इन दिनो बाजार मे टमाटर की कीमत आसमान छू रहीं है लोकल सब्जी बाडियों मे उत्पादन ठप्प होने की वजह से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व कर्नाटक एवं महाराष्ट्र प्रांत के अलग अलग जगहों से भाटापारा मे टमाटर लदे वाहन पहुंच रहे है इसी मे से कर्नाटक राज्य के एक शहर से भाटापारा आये टमाटर को बलौदाबाजार के सब्जी मंडी मे ले जाने के लिये रवाना किया गया था कि भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग पर उक्त हादसा हो गया। इस हादसे से यह स्पष्ट हो गया है कि भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग दर्जनो हादसो की वजह से खतरनाक मार्ग बन गया है उसके बावजूद शासन प्रशासन द्वारा इस महत्वपूर्ण मार्ग को उन्नत करते हुये चौडीकरण करने का कार्य नहीं किया जा रहा है जबकि अरसे पूर्व तत्कालिन सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निपनिया व कड़ार की आम सभा मे सार्वजनिक मंच से हजारो लोगो के बीच भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग का उन्नयन करते हुये चौडीकरण शीघ्र कराये जाने की घोषणा की थी लेकिन एक लंबे समय बाद भी भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग का उन्नयन व चौडीकरण कार्य नहीं होने से यह मार्ग हादसों का लगातार गवाह बन रहा है जिसमे अनेक लोग पूर्व मे काल कवलित हो चुके है जनहित मे इस मार्ग का उन्नयन करते हुये प्राथमिकता के साथ सड़क निर्माण कराये जाने तथा सड़क की चौड़ाई बढाये जाने की जरूरत है।

## भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश, मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ : मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के कालीबाड़ी मन्दिर परिसर स्थित रविन्द्र कक्ष में एक सैटेलाइट चैनल का शुभारंभ किया। समाचार चैनल के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।



मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है। निश्चित ही चैनल निष्पक्षता और निर्भीकता से छत्तीसगढ़ और देश के शोषित और दबे कुचले लोगों की आवाज़ बुलंद करेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस चैनल के माध्यम से सरकार की योजनाएं भी जन-जन तक पहुंचेगी, जिसका लाभ सभी लोगों को मिलेगा। उम्मीद है कि चैनल दूरस्थ अंचल की समस्याओं को सरकार और जनता के सामने लाएगा। हमारा लक्ष्य है कि हम छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के रुप में खड़ा करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चैनल से जुड़ी मीडिया टीम को बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम से पहले कालीबाड़ी मन्दिर में देवी माँ काली की पूजा-अर्चना कर प्रदेश के लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू, विधायक पुरंदर मिश्र, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महान दार्शनिक और आध्यात्मिक गुरू स्वामी विवेकानंद जी की 04 जुलाई को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने अपने संदेश में कहा है कि स्वामी जी ने भारतीय दर्शन और आध्यात्म से पूरी दुनिया का परिचय कराया और मानवता के कल्याण का मार्ग दिखाया। छत्तीसगढ़ ने स्वामी जी के उदार, व्यवहारिक और सुधारवादी सिद्धांतों को अपनाया है। स्वामी जी के बचपन का कुछ समय रायपुर में बीता, यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। आज छत्तीसगढ़ स्वामी जी के दिखाए मार्ग और सिद्धांतों को लेकर आगे बढ़ रहा है। श्री साय ने कहा है कि स्वामी जी के अमूल्य विचार सदियों तक लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

## पटपर स्कूल में बालानी परिवार ने थाली दान करते हुये पौधा रोपण किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** अपनी मां के नाम एक पौधा रोपने के आव्हान के बाद नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी कैलाश बालानी एवं उनके पुत्र कुशल बालानी द्वारा स्व.जयराम बालानी के स्मृति मे लाल बहादूर शास्त्री स्कूल पटपर मे बच्चों के मध्यान्ह भेजन के लिये नई थाली भेंट स्वरूप दिया गया इस दौरान विभिन्न प्रजाति के लगभग 60 पौधे लगाये गये। कैलाश बालानी परिवार द्वारा स्कूल के मध्यान्ह भेजन मे बच्चों को सुविधा की दृष्किोण से 170 नग थाली भेंट स्वरूप दिये गये। उपरोक्त अवसर पर शत्रुघन डहरिया, भास्कर देवांगन, मुकेश अग्रवाल, मुकेश देवांगन, संयोगिता शर्मा, एसआर फ ूटान, जानकी फ ूटान, लोकेश्वरी ध्रुव, प्रमोद वर्मा, बंशीलाल चौहान, शत्रुघन कुर्रे, सविता सोनकर व विरेन्द्र मानसरोवर सहित अन्य लोग बडी तादाद मे उपस्थित थे। स्कूल मे यह चौथा अवसर है जब न्यौता भेज का आयोजन संपन्न हुआ।




# कांग्रेसियों ने विद्युत दर में वृद्धि के विरोध में किया धरना प्रदर्शन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** क्षेत्र मे अघोषित विद्युत कटौती एवं विद्युत दर मे भारी वृद्धि किये जाने के विरोध मे कांग्रेसियों ने कांग्रेस भवन के बाहर एक विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जिसमे बडी संख्या मे कांग्रेसजन उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य सतीश अग्रवाल, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष आलोक मिश्रा, अमर मंडावी, अशोक ध्रुव, ईश्वर सिंग ठाकुर, अययुब बांठिया, चंन्द्रशेखर चक्रधारी, कमल ठाकुर, त्रिलोक सिंग सलूजा, मनीष पंजवानी, दीपक निर्मलकर, दासन बंजारे, नेम तिवारी, सुशील सबलानी, शैलेन्द्र अहिरवार, मोहन निषाद, मनमोहन कुर्रे, शशांक चौबे, लक्ष्मी पांडे, कुबेर यदू, विक्की ठाकुर व अरूण यदू सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे। उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश की सत्तारूढ भाजपा सरकार पर जनता को हर क्षेत्र मे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया खासकर बढती हुई महंगाई, बेरोजगारी के साथ साथ प्रदेश मे बिगडती कानून व्यवस्था तथा हाल हीं मे किये गये विद्युत दर मे वृद्धि की आलोचना करते हुये भाजपा सरकार को हर मोर्चे पर असफ ल बताया।

# भाटापारा क्षेत्र में राहत की बारिश हुई, लोगों को आंशिक राहत

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर व क्षेत्र मे लंबी प्रतीक्षा के बाद शुक्रवार दोपहर बाद राहत की बारिश होने से लोगो को जहां एक ओर गर्मी से सुकून मिली है वहीं पानी के बिना सूख रहे खेत के दरार मे आसमानी पानी बरसने के बाद उम्मीद है कि खेती किसानी का काम अब आगे बढ पायेगा।



हालांकि झमाझम बारिश की उम्मीद लोगों को थी लेकिन बारिश कुछ देर हीं होने के बाद थम जाने से खेतों को अभी भी पानी की दरकार है क्योकि बोआई के बाद से खेतो मे पानी नहीं होने से बियासी जैसे महत्वपूर्ण कार्य रूका हुआ है क्षेत्र के अनेक साधन संपन्न कृषक जिनके खेतो मे बोरपंप सहित सिंचाई के अन्य साधन उपलब्ध है वहां पर खेती का कार्य अनवरत जारी है लेकिन आसमानी पानी के भरोसे कृषि कार्य करने वाले ज्यादातर किसानो के चेहरे पर चिंता की जो लकीर उभर रहीं थी उस पर शुक्रवार शाम को बारिश ने कुछ हद तक संतोष के भाव प्रकट कर दिये है। अचानक हुई बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है वहीं शहर मे जगह जगह जल भराव की स्थिति विभिन्न सड़क व नालियों मे देखने को मिल रहा है कृषि उपज मंडी मार्ग के अनेक हिस्सों मे जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है वहीं हटरी बाजार रेल्वे अंडरब्रिज के बाजू से बनाये गये सर्विस रोड मे भी जल भराव होने से लोगों को आवाजाही मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है इसी प्रकार के हालात कृषि उपज मंडी के समीप स्थित बस स्टैंड की है जहां अवैध कब्जे गंदगी के बीच जल भरा हुआ है। कुछ इसी तरह के माहौल शहर के अन्य हिस्सों मे भी देखने को मिल रहा है कुल मिलाकर शुक्रवार को हुई बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**भाटापारा।** स्थानीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय मे एक दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य वक्ता डॉ. राजू महोबिया थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.शशिकिरण कुजूर ने किया उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती पूर्णिमा साहू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये छात्र-छात्राओं के कौशल विकास कला एवं गुणवत्ता के विकास के संबंध मे अपने विचार व्यक्त किये। डॉ.अनिता सरीन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि शिक्षा नीति मे संक्षिप्त शब्दों पर किस प्रकार शैक्षणिक माहौल ग्रहण करना है उस पर उन्होने प्रकाश डाला। उक्त कार्यक्रम मे अशोक वर्मा, जितेन्द्र यादव, डॉ.विकास गुलहरे, आनंद मिंज, प्रीति सोनी, रेखा कश्यप, रोहन अग्रवाल, गुप्तेश्वर साहू सहित अन्य प्राध्यापकगण व छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

### बीआरसी भवन में पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश वर्कशॉप संपन्न



**भाटापारा।** स्थानीय बीआरसी भवन मे पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश वर्कशॉप का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन मे प्रशिक्षण प्रभारी लेखराम साहू, बीईओ रामजी पाल सहित 30 संकुलो से प्राथमिक स्कूलों के 100 से अधिक महिला व पुरूष शिक्षक शामिल हुये 30 संकुल के शिक्षको को दो भागों मे विभाजित कर अलग अलग स्थानो पर वर्कशॉप की व्यवस्था की गई थी उपरोक्त प्रशिक्षण मे रविशंकर चंन्द्राकर, रितु त्रिपाठी, अभिनव अग्रवाल व इति शर्मा सहित अन्य लोग मास्टर ट्रेनर्स के रूप मे उपस्थित थे।

### सेन समाज भवन का भूमिपूजन संपन्न



**भाटापारा।** तरेंगा राज डेढीपारी देशहा सेन समाज के मंगल भवन का भूमिपूजन कांग्रेस विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य मे किया गया। उक्त कार्यक्रम मे तरेंगा सरपंच कांति दशरथ आडिल, जनपद सदस्य दीपक वर्मा, चंदन सेन, प्रवीण सेन, ईश्वर सेन, रामू सेन, पुखराज सेन, टेकराम सेन, ललित सेन, भगेला श्रीवास, मुरली सेन, हीरालाल सेन, सेवक सेन, बिशेषर सेन, निलेश सेन, नरेश सेन, दशरथ सेन, रामकुमार सेन, जीतू सेन, श्रवण सेन, आनंद सेन, विजय सेन, बाबूलाल सेन, दाउलाल सेन, रानूराम सेन, हेमू सेन, गेंदराम सेन, सुरेन्द्र सेन के अलावा अभय देवांगन सहित बडी संख्या मे सेन समाज के लोग उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी करणदास सेन ने दी है।

भाजपा कार्यसमिति की बैठक- उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने रखा राजनीतिक प्रस्ताव

# कांग्रेस पर लगाया झूठ फैलाने का आरोप, नगरीय निकाय चुनाव में जुटने कार्यकर्ताओं से किया आह्वान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रायपुर में संपन्न हुई जिसमें भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने राजनीतिक प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने किया।**




प्रस्ताव में कहा गया है कि एक तरफ जहां भाजपा विश्वास और विकास के एक नए युग में भारतीय लोकतंत्र को ले जा रही है, वहीं कांग्रेस लगातार अपनी हरकतों से देश और लोकतंत्र को कलंकित कर रही है। कार्यसमिति ने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि आगामी निकाय और पंचायत चुनाव में भी जनता के बीच जाकर पार्टी की रीति-नीति, मोदी की गारंटी और अपनी सरकारों की उपलब्धियों को बताएं और निकाय व पंचायत चुनाव में भी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएं राजनीतिक प्रस्ताव में कहा गया कि कांग्रेस नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संसद में हिन्दुओं को हिंसक कहकर देश और सनातन समाज का अपमान किया है। इसी तरह उन्होंने श्रीराम मंदिर आंदोलन के के बारे में भी अनर्गल बयानबाजी कर हिंदू भावना को आहत किया है। यह विस्तारित कार्यसमिति राहुल गांधी के इस बयान की निंदा करती है हजारों वर्षों से शांति और अहिंसा के लिए विख्यात हिन्दू समाज को इस तरह अपमानित करने की जितनी निंदा की जाए वह कम है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में भी लगातार झूठों का महाजाल फैलाया था। संविधान पर झूठ, आरक्षण खत्म कर देने का झूठ, चावल बंद कर देने का झूठ, महतारी वंदन योजना समाप्त कर देने का झूठ, यहां तक झूठ कि मोदी जीतेंगे तो आगे से चुनाव नहीं होंगे इन तमाम झूठों का पर्दाफाश कर भाजपा ने सतत जनता का विश्वास हासिल किया है हाल के दोनों चुनावों में मिली सफलता से उत्साहित यह कार्यसमिति भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान करती है कि आगामी निकाय और पंचायत चुनाव में भी जनता के बीच जाकर पार्टी की रीति-नीति, मोदी की गारंटी और अपनी सरकारों की उपलब्धियों को लेकर निकाय और पंचायत चुनाव में भी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएं। प्रदेश भाजपा की यह विस्तारित कार्यसमिति ऐसे महत्वपूर्ण और विलक्षण समय पर हो रही है, जब भाजपा ने चतुर्दिक विकास की ऐतिहासिक गाथा लिखी है। अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने सफलता की ऐसी कहानी लिखी है, जिसे दुहराना अन्य दलों के लिए सदियों में संभव नहीं होगा। आज इस कार्यसमिति को न केवल तीसरी बार पूर्ण बहुमत से केंद्र में सरकार बनाने की प्रसन्नता है, बल्कि छत्तीसगढ़ समेत तीन बड़े राज्यों में भी ऐतिहासिक वापसी का गौरव भी है छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में अभी तक की सबसे अधिक सीटें प्राप्त होने, अभी तक का सबसे अधिक मत प्रतिशत पाने और विपक्षी दल से मत प्रतिशत में सबसे अधिक अंतर से जीत हासिल करने यह कार्यसमिति आह्लादित है इसी तरह लोकसभा चुनाव में भी छत्तीसगढ़ से 11 में से 10 सीट देकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दुहराने का भी संतोष यह कार्यसमिति व्यक्त करती है भाजपा आज भरोसे का दूसरा नाम है आज अनुछेद 370 और 35 ए बीते दिनों की बात हो गई है बिना रक्त का एक कतरा बहे इस अनुच्छेद को निष्प्रभावी कर दिया गया इसी तरह अयोध्या में श्रीरामलला आज अपने भव्यतम मंदिर में विराजमान हैं त्वरित तीन तलाक को समाप्त कर भाजपा ने समान नागरिक आचार संहिता के वादे को भी लगभग पूरा करते हुए मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल में एक ही साथ सभी कोर मुद्दे का समाधान कर दिया है जनता, कार्यकर्ता और नेता के बीच विश्वास बहाली का इससे बड़ा उदाहरण विश्व की राजनीति में भी शायद अन्य कोई नहीं होगा पार्टी के सभी सांस्कृतिक मुद्दों को हल करते रहकर भी मोदी ने विकास और गरीब कल्याण को भी अपनी शीर्ष प्राथमिकता बनाए रखा देश से चाहे 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने की बात हो या 80 करोड़ से अधिक लोगों तक लगातार निरूशुल्क अनाज पहुंचाने की, करोड़ों लोगों को आयुष्मान योजना से मुफ्त चिकित्सा की बात हो या चार करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आवास की, प्रदेश के हर घर तक बिजली पहुंचाने की बात हो या हर घर तक पीने का साफ पानी पहुंचाने की, सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल, अस्पताल आदि की व्यवस्था करते हुए भी देश को विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, और फिर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर चलना वाले हमारे प्रधानमंत्री आज विश्व के सबसे लोकप्रिय और मजबूत नेता बनर सामने आए हैं।

इन तमाम उपलब्धियों पर इस कार्यसमिति को गर्व है राजनीतिक प्रस्ताव में आगे कहा गया है कि मोदी की गारंटी पर ही भाजपा विधानसभा चुनाव में भी मैदान में थी इसके अलावा कांग्रेस की वादाखिलाफी, उसकी विफलता तथा उसके घोटालों के मुद्दे भी चुनाव में थे भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उन मुद्दों को जनता तक ले जाने में जी तोड़ मेहनत की और परिश्रम की पराकाष्ठा का परिणाम सामने आया, जब भाजपा को ऐतिहासिक जनादेश मिला लोकतंत्र में सबसे बड़ी बात जनता का विश्वास ही होता है इस कार्यसमिति को यह संतोष है कि आज प्रदेश की भाजपा सरकार ने लगभग सात माह में अनेक मोदी गारंटी को पूरा कर प्रदेश में विश्वास का वातावरण कायम किया है 18 लाख प्रधानमंत्री आवास, राज्य के किसानों को 02 साल का बकाया धान बोनस का 13 लाख किसानों के बैंक खातों में 3716 करोड़ रुपए का भुगतान, 3100 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी कर समर्थन मूल्य के 32 हजार करोड़ रुपए की राशि का भुगतान तत्काल किसानों को किया गया इसके अलावा अंतर की राशि 13 हजार 320 करोड़ रुपए भी अंतरित कर राज्य में 145 लाख मीटरिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई इसी तरह एक और गारंटी को पूरा करते हुए राज्य में महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को 1 हजार रुपए प्रति महीने देना, इसका लाभ मिल रहा है तेंदूपत्ता संग्रहण दर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए प्रति मानक बोरा करने समेत बड़ी-बड़ी घोषणाएं रिकार्ड समय में पूरी की गई है इसके लिए प्रदेश की यह कार्यसमिति भाजपा की विष्णुदेव साय की सरकार का अभिनंदन करती है। उक्त कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खटर, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित प्रदेश के सारे केबिनेट मंत्री, भाजपा विधायक सांसद, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यसमिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आकांक्षा खंडेलवाल ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की



**भाटापारा।** चार्टर्ड एकाउंटेंड 2024 परीक्षा के घोषित राष्ट्रीय स्तर के परिणाम मे शहर की छात्रा आकांक्षा खंडेलवाल ने सफलता हासिल कर अपने परिवार व नगर का गौरव बढाया है आकांक्षा खंडेलवाल ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक रहे महेश खंडेलवाल की सुपुत्री है आकांक्षा खंडेलवाल के सीए बनने पर शहर के प्रबुद्ध नागरिक भूपेश दीवान, नरेश शर्मा, सुनील डागा, राकेश तिवारी, विनोद केशरवानी, अशोक तलरेजा, सुरेश अग्रवाल व अशोक रजक सहित अन्य लोगों ने प्रसन्नता प्रकट करते हुये बधाई दी है व आकांक्षा खंडेलवाल के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की है।

# नगर में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** अनुविभागीय दंण्डाधिकारी नितीन तिवारी के मार्गनिर्देशन स्थानीय विश्रामगृह से लेकर तरेंगा नाका मार्डन स्कूल तक पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न समाजिक संस्थाओ समाज सेवियों व प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति मे किया गया उक्त अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, टीआई परिवेश तिवारी, नरेन्द्र शर्मा, राधेश्याम शर्मा, डॉ.अरूण छाबड़ा, केआर वर्मा, अनिता छाबड़ा, आलोक मिश्रा, आलोक मोदी, मनीष शुक्ला, मनोज पांडे, स्वरूप अग्रवाल, सुनील दुबे, वींणा साहू, कल्याणी साहू, गायत्री आडिल, सीमा मल, मनीषा गटटानी, अनिल जायसवाल, सुधीर मिश्रा सहित बडी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित थे। उपस्थित लोगों के साथ साथ पंचम दीवान स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा माता पिता के नाम से पौधा रोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम मे ग्रीन आर्मी, पालिका प्रशासन, उद्यानिकी विभाग, संत निरंकारी चौरिटेबल ट्रस्ट इलेक्ट्रानिक एसोसिएशन एवं सरयूपारी समाज के लोगों ने भाग लिया।

# भाटापारा की सड़कों पर आवारा मवेशियों का कब्जा

## सांड लड़ाई में एक युवक हुआ घायल



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर की सड़को पर इन दिनो सैकड़ो की संख्या मे आवारा मवेशी घूम रहे है जिसके चलते लोग हलाकान है शहर व शहर सीमा से लगे तमाम मार्गो पर ऐसी एक भी सड़क खाली नहीं है जहां पर सैकड़ो की संख्या मे गाय, बैल, भैंस व सांड न बैठे हो तमाम सड़को पर आवारा मवेशियों के स्वच्छंद विचरण से लोग सड़क दुर्घटना के शिकार होकर चोटिल हो रहे है।

खासकर विश्राम गृह से लेकर तरेंगा नाका तक तथा तरेंगा नाका से कांग्रेस भवन, गोविंद चौक सदर बाजार, शहर थाना से लेकर कालेज रोड होते हुये देवरी मोड तक की सड़क पर सैकडो की संख्या मे आवारा पशुओं के जमावडे लगने



तथा बीच सड़क मे बैठे होने की वजह से आये दिन सड़क दुर्घटना की संख्या बढ रहीं है खासकर रात मे लोग दुर्घटना के शिकार अधिक हो रहे है शहरी क्षेत्र की सड़को मे बीचो बीच मवेशियों के बैठ जाने से यातायात जहां बाधित हो रहा है वहीं लोग मवेशियों के गोबर मे फिसलकर गिर भी रहे है नगर पालिका प्रशासन द्वारा आवारा मवेशियों को बीच सड़क से हटाने तथा इनकी धर पकड़ के लिये कोई प्रयास या ध्यान नहीं दिये जाने से स्थिति दिन ब दिन बिगड़ रहीं है आवारा मवेशियों के जमावड़े के बीच अनेक बार सड़क पर जगह जगह सांडो के बीच लड़ाई होने से लोगों के दुपहिया वाहन व सायकल एवं अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो रहे है मवेशियों के बडी संख्या मे सड़क पर जमावडे के कारण स्कूल जाने वाले बच्चें ज्यादा भयभीत है क्योकि कब कोई पशु व सांड बिफ र जाये व लड़ाई झगडा शुरू कर दे यह भय लोगों को सता रहा है पूर्व मे भी अनेक लोग आवारा सांड व पशुओं के हमले से घायल हो चुके है

**मवेशियों के बडी संख्या में सड़क पर जमावड़े के कारण स्कूल जाने वाले बच्चें ज्यादा भयभीत है क्योकि कब कोई पशु व सांड बिफर जाये व लड़ाई झगडा शुरू कर दे यह भय लोगों को सता रहा है।**

अखबार वितरक हेमंत साहू निवासी मुंशी इस्माईल वार्ड के साथ एक सांड उठा पटक करते हुये उन्हे बुरी तरह चोटिल कर दिया है जिससे वह नवनौजवान युवक इन दिनो दर्द से करहाते हुये आराम फ रमा रहा है इसी प्रकार अनेक प्रकरण शहर मे मौजूद है उसके बावजूद पालिका प्रशासन की नींद नहीं टूट रहीं है जिससे लोगों मे भारी आक्रोश व्याप्त है। बताया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रो मे खेती किसानी के काम शुरू होने के बाद से तमाम खेत खलिहान मे धान बोआई का काम लगभग पूरा हो गया है और जगह जगह रोका छेका की व्यवस्था करने मे लोग लगे है फ लस्वरूप तमाम मवेशी जिसमे पालतू व आवारा किस्म के भी मवेशी शामिल है वे सभी शहर की ओर चारा की तलाश मे भटक रहे है फ लस्वरूप सैकड़ो की तादाद मे मवेशियों का जमावड़ा सड़को पर दिखने लगा है जिसको हटाने के लिये जिला प्रशासन पालिका प्रशासन को सख्त निर्देश जारी करें ताकि सड़क यातायात सुचारू रूप से चल सके व लोग बिना भय के आवाजाहीं कर सके खासकर स्कूल जाने वाले छोटे छोटे बच्चों को भय मुक्त वातावरण प्राप्त हो सके।

# सशिमं में किशोर, कन्या एवं बाल भारती का गठन

## पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गयी

ब्यूरो चीफ
अनिल सिंघानिया द्वारा

थानखम्हरिया। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. वि. में पिछले दिनों किशोर, कन्या एवं बाल भारती का गठन किया गया। चयनित पदाधिकारियों को सपथ दिलायी गयी।





सशिमं योजनानुसार किशोर भारती, कन्या भारती एवं बाल शिशु भारती का गठन किया गया। मुख्य अतिथि रुद्रेश अग्रवाल, व्यवस्थापक राकेश जोशी, सहसचिव पुरूषोत्तम अग्रवाल एवं प्राचार्य लखनलाल साहू द्वारा दीप प्रज्वलन कर ऊं, भारतमाता तथा मॉ सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा पदाधिकारियों किशोर भारती अध्यक्ष निखिल वर्मा, सेनापति विकास कौशिक, कन्या भारती अध्यक्ष केसरी पाटिल, सेनापति वेदिका पटेल, बाल भारती अध्यक्ष गौरव साहू, सेनापति यशवंत चंद्राकर, शिशु भारती अध्यक्ष विनय कौशिक, सेनापति मेहुल साहू, प्रार्थना प्रमुख वर्षा सोनी, सह-प्रार्थना प्रमुख श्रेया साहू आदि को सपथ दिलायी गयी।

प्राचार्य ने गठन के उद्देश्य के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। व्यवस्थापक ने कहा कि शपथ ग्रहण के माध्यम से भैया बहिनों में नैतिक जिम्मेदारियां बढ़ती हैं। त्याग समर्पण तथा पारिवारिक वातावरण का भाव विकसित होता है। सहसचिव ने कहा बच्चों के अंदर सुप्तावस्था को जागृत करने का बोध कराते हुए उचित क्रियाकलापों के माध्यम से देशभक्ति एवं सामाजिक भाव के साथ ही नैतिक कुशलता का भाव जागृत होता है। इससे बच्चों में नेतृत्व भावना के गुण विकसित होते हैं। मुख्य अतिथि ने भैया बहनों को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय को बीस कुर्सियॉं प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन आचार्य मुकेश राजपूत द्वारा किया गया तथा आभार वरिष्ठ आचार्य वेदप्रकाश जायसवाल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर आचार्यगण, दीदीयॉं, भैया - बहिन उपस्थित थे। अंत में शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

**किशोर भारती के अध्यक्ष बने भैया निखिल वर्मा**

# सड़क में दुकानदारी करने के बढ़ते रिवाज से यातायात बाधित

## लोग हलाकान



अवैध वाहन पार्किंग के कारण 24 घंटे जाम के हालात बन रहे है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर के प्रमुख मार्ग पर इन दिनो सड़क पर दुकानदारी करने के बढते परिपाटी से यातायात व्यवस्था पर जाम का ग्रहण लग रहा है। कालेज रोड़ से बस स्टैड होकर महासती मंदिर मार्ग, पंचायती मंदिर मार्ग, जैन मंदिर होते हुये रेल्वे स्टेशन की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर एक लंबे समय से प्रशासनिक कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण सड़क मे दुकानदारी करने का रिवाज बढ गया है। उपर से दुकानो के सामान गटठा व साईन बोर्ड विज्ञापन बोर्ड ठेला रखे जाने से सड़क यातायात बाधित हो रहा है और तो और रेल्वे स्टेशन के समीप पुलिस थाना के बाउंड्रीवाल के बाहर सड़क पर दो दर्जन से अधिक बिगडे पडे दुपहिया वाहन को रखकर सड़क यातायात बाधित करने वालो के विरूद्ध भी कार्यवाही नहीं होने से हालत बद से बदतर हो चली है इसी तरह गोविंद चौक, सदर बाजार से रामसप्ताह चौक होकर कांग्रेस भवन तक जाने वाली सड़क की है जहां सुबह से रात तक जाम की स्थिति बन रहीं है रेल्वे स्टेशन से रेस्ट हाउस होकर हास्पिटल चौक तक भी सड़क जाम से लोग हलाकान है वहीं ईतवारी राम यादव हायर सेकेण्डरी स्कूल से जय स्तंभ चौक तथा दम्मानी पट्रोल पंप से लेकर आजाद चौक होकर रामलीला मैदान तक के रास्ते मे बेजा कब्जा के साथ साथ सड़क पर दुकानो के बोर्ड सामान व अवैध वाहन पार्किंग के कारण 24 घंटे जाम के हालात बन रहे है और तो और माल वाहन वाहनो के 24 घंटे शहर के भीतर प्रवेश से यातायात लगातार बाधित हो रहा है इसी प्रकार के हालात फ ौव्वारा चौक से लेकर कृषि उपज मंडी की ओर जाने वाली सड़क की भी है जहां सड़क पर लोग अपने दुकान के सामानो को फ ैलाकर सड़क यातायात को बाधित कर रहे है वहीं इस मार्ग मे भी दुकान के बोर्ड सामान लोहे के कबाड़ व अन्य प्रकार के सामान यातायात मे बाधा उत्पन्न कर रहे है जीडी भटटर सायकल स्टोर से लेकर कोआपरेटिव्ह बैंक के रास्ते रेल्वे अंडरब्रिज तरफ भी सड़क यातायात भी हमेशा बाधित रहता है रेल्वे अंडरब्रिज के उपर बने सर्विस रोड मे लोगों को आवाजाहीं मे दिक्कत कुछ लोग पैदा कर रहे है क्योकि वहां पर भी अनेक सामान व वाहनो का काफि ला सड़क पर रखे जाने से यातायात लगातार अवरूद्ध हो रहा है। इसी प्रकार के माहौल शहर के अनेक हिस्सों मे भी होने से लोग परेशान है। प्रबुद्ध नागरिकों ने जिला पुलिस कप्तान से भाटापारा की यातायात व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर कार्यवाही करने की मांग की है।

# 2 साल में करोड़ों खर्च होने के बाद भी अब तक नहीं हुई स्कूलों की मरम्मत

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया द्वारा

**थान खमरिया।** बेमेतरा जिला में स्कूल जतन योजना के तहत किया जा रहा मरम्मत का कार्य 2 साल बीत जाने के बाद भी कई स्कूलों का कार्य अधूरा पड़ा है मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के प्रभारी तहसीलदार प्रकाश यादव नायाब तहसीलदार मोरध्वज साहू एवं सब इंजीनियर आज निरीक्षण करने स्कूलों की जांच पड़ताल करने निकले हुए थे।



भारत माता कन्या उच्च उत्तर माध्यमिक विद्यालय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आत्मानंद पब्लिक स्कूल पूर्व माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया गया प्राचार्य एवं हेडमास्टर को कई जगह अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना कामों की कलई खुलने वाली है प्रभारी द्वारा एक कमेटी बनाकर एक ते प्रपत्र जांच रिपोर्ट भरकर दिया जाना है पूर्व सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत मरम्मत, अतिरिक्त कक्ष निर्माण , रंग रोगन आदि कामों के लिए शिक्षा विभाग को राशि अआबंटित की गई थी इस बीच काम की गुणवत्ता की बारीकी से जांच किया जाए तो बहुत सारी खामियां सामने आवेगी सरकार को अंदेशा है कि कई काम बिना जरुरत के भी मंजूर कर दिए हैं इसलिए 11 बिंदुओं वाले प्रारूप में कामों की जानकारी देनी है इसमें कार्य की लागत वास्तविक भवन की मरम्मत की स्थिति, गुणवत्ता, परीक्षण और जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर की गई कार्यवाही की भी उल्लेख किया जाना है रिपोर्ट के बाद ही यह पता चल पाएगा की किन-किन स्कूलों में शासन के आदेशानुसार काम नहीं किया गया है। यह जिम्मेदारी जांचने बढ़िया पहल उठाया गया हैं।



तहसीलदार प्रकाश यादव नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू निरीक्षण करते हुए

# आत्मानंद स्कूल के छात्र-छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीता

**भाटापारा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट माध्यम स्कूल के दो छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर स्कूल व नगर का नाम गौरवान्वित किया है। उपरोक्त संबंध मे प्रभारी प्राचार्य केशव देवांगन ने बताया कि कक्षा 10 वीं मे अध्ययनरत दो छात्र भूमिका देवांगन व शौर्य साहू जो कि तरेंगा निवासी है उन्होने अपने सतत प्रयास व मेहनत के बल पर राष्ट्रीय नेटबाल प्रतियोगिता मे कांस्य पदक जीतकर शहर गांव व स्कूल तथा परिवार का नाम रोशन किया है। उक्त विद्यार्थियों को खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 10 हजार रूपये का पुरस्कार चेक के माध्यम से प्रदान किया गया। उपरोक्त अवसर पर केशव देवांगन के साथ साथ आत्मानंद विद्यालय के संपूर्ण शिक्षकीय स्टाफ व छात्र-छात्रा उपस्थित थे।



# देवशयनी एकादशी पर भव्य पालकी यात्रा निकली

**भाटापारा।** देवशयनी एकादशी के पावन पर्व पर बुधवार को रामसप्ताह के समीप स्थित जगन्नाथ मंदिर से श्रीहरी विष्णु की पालकी यात्रा ढोल बाजे के साथ निकली जिसमे भक्तो के कंधो पर सवार होकर पालकी मे बैठे हरी विष्णु शहर भ्रमण पश्चात नगर पालिका परिसर के समीप स्थित महाकाल मंदिर पहुंचे जहां हरी विष्णु व महाकाल की भव्य आरती कार्यक्रम संपन्न हुआ पूजा महाआरती के पश्चात प्रसादी वितरण का कार्यक्रम किया गया। इसके पूर्व श्री विष्णु भगवान को नवीन कपडो से ढंका गया व उसके साथ हीं भगवान विष्णु चार्तुमास के लिये विश्राम के लिये चले गये इस दौरान शिव शंकर को जगत संचालन का कार्यभार सौंपने की प्रक्रि या को भक्तो के समक्ष भक्त कोमल शर्मा ने प्रस्तुत किया। उक्त अवसर पर राजेश यादव व जगदीश वैष्णव सहित बडी तादाद मे भक्तगण उपस्थित थे।



# शहर ही सत्ता के लिये अब प्रशासनिक व राजनीतिक सरगर्मी तेज


ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** नगर मे शहर सरकार के चुनाव को लेकर प्रशासनिक व राजनीतिक तौर पर सक्रियता शुरू हो गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 29 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य शासन द्वारा नगर पालिका परिषद भाटापारा क्षेत्र के 31 वार्डो की सीमा निर्धारण का कार्य शुरू कर दिया गया है जिसमे वार्डो की चर्तुसीमा निर्धारण का कार्य द्रुत गति से जारी है उक्त कार्य के लिये दावा आपत्ति हेतु 15 जुलाई 2024 तक लिखित रूप से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व नगर पालिका परिषद मे प्रस्तुत कर सकते है। वार्डो की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव का निरीक्षण पालिका व एसडीएम कार्यालय मे कार्यालयीन समयावधि मे किया जा सकेगा। इस प्रकार राज्य शासन ने पालिका चुनाव के चार माह पूर्व से वार्डो के परिसीमन का काम शुरू कर दिया है। वहीं राजनीतिक तौर पर भी अनेक नेता सक्रिय हो गये है पांच वर्ष पूर्व हुये पालिका चुनाव मे कांग्रेस निर्दलियों के सहयोग से सत्ता मे काबिज होने मे सफ ल हुये थे। वहीं भाजपा ने 14 सीट पर जीत हासिल कर पूरे पांच वर्ष विपक्ष की भूमिका मे अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है इस बीच पालिकाध्यक्ष सुनीता गुप्ता के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाये गये जिसमे उन्होने विश्वास मत जीतकर अपनी कुर्सी को कांग्रेसी खेमे मे कायम रखने मे सफ लता हासिल की इस बीच प्रदेश मे अब राज्य शासन स्तर पर सत्ता परिवर्तन के बाद शासन ने आगामी पालिका चुनाव मे पार्षदों के साथ साथ अध्यक्ष पद के चुनाव मे भी प्रत्यक्ष जनता के वोटों को वरीयता प्रदान करते हुये पार्षद के साथ साथ अध्यक्ष पद के चुनाव को भी प्रत्यक्ष जनता से जोड़ दिया है फ लस्वरूप अब अविश्वास प्रस्ताव लाने के पार्षदों के मुहिम व प्रयत्न आगे नहीं हो सकेंगे।

भाटापारा नगर पालिका प्रदेश की सबसे बडी नगर पालिका है जिसका गठन आजादी के पूर्व सन 1935 मे हुआ था वर्तमान मे पालिका क्षेत्र के सभी 31 वार्ड भारी भरकम आबादी वाले है कुछ समय पूर्व ऐसी सुगबुगाहट थी कि वार्डो का बंटवारा कर नये वार्ड बनाये जायेंगे लेकिन शासन से स्पष्ट दिशा निर्देश नहीं आने के बाद केवल मौजूदा वार्डो के भीतर हीं आबादी संतुलन को सभी वार्डो मे बांटा जा रहा है। नगर मे श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, हथनीपारा वार्ड, महावीर वार्ड, सुभाष वार्ड, धुरंधर वार्ड, शक्ति वार्ड, नयापारा वार्ड, परशुराम वार्ड, केके वार्ड, गांधी मंदिर वार्ड, शंकर वार्ड, सदर वार्ड, संजय वार्ड, नेहरू वार्ड, नयागंज वार्ड, भगत सिंग वार्ड, महासती वार्ड, संतकर्मा वार्ड, बलभद्र वार्ड, गुरूनानक वार्ड, रविदास वार्ड, रामसागर वार्ड, मुंशी इस्माईल वार्ड, शहीद वीर नारायण सिंग वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, माता देवालय वार्ड, बजरंग वार्ड, दीन दयाल उपाध्याय वार्ड, स्टेशन वार्ड, संत कंवराम वार्ड व शहीद हेमू कल्याणी वार्ड मे इस बार संभवतरू दिसंबर माह मे पार्षद चुनाव संपन्न होंगे उसके साथ हीं पालिका अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता के द्वारा किया जायेगा बहरहाल अभी वार्ड परिसीमन का काम अंतिम चरण मे पहुंच चुका है यह प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद राजनीतिक माहौल गर्म हो जायेगा।

# सेमरिया घाट जर्जर पुल से वाहन हादसे का खतरा मंडराने लगा है



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाटापारा बिलासपुर मार्ग पर शहर से 7 किलोमीटर दूर सेमरिया घाट शिवनाथ नदी पुल की हालत इन दोनों जर्जर अवस्था की हद को पार कर गया है जिसके चलते तमाम वाहन चालकों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है पुल के प्रारंभ, बीच व अंतिम हिस्से में छोटे-बड़े दर्जनों गड्ढे हो जाने से जहां दोपहिया चौपहिया एवं हैवी वाहन चालकों के वाहन फंस रहे हैं वही पुल के नीचे नदी में बहते पानी के बीच वाहन के पलटने का खतरा भी मंडराने लगा है सेमरिया घाट पुल का निर्माण लगभग 50 वर्ष पूर्व किया गया था उक्त पुल वर्तमान स्थिति में जर्जर हालत में पहुंच गया है हालांकि पिछले बजट में सेमरिया घाट में नए पुल निर्माण की घोषणा की गई है लेकिन अभी तक उक्त पुल के निर्माण की दिशा में कार्यवाही आगे नहीं बढ़ने के कारण नया पुल शिवनाथ नदी पर कब बनेगा यह कहा नहीं जा सकता वर्तमान जर्जर पुल में प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहनो का आवाजाही का क्रम जारी है जिसमें ज्यादातर वाहन सीमेंट फैक्ट्री की ओर आने जाने वाले वाहन है वही भाटापारा मंडी में विभिन्न जिलों के दूरस्थ गांव से आने जाने वाली अनाज लदी वाहन भी इसी पुल के रास्ते आवाजाही कर रहे हैं इसके अलावा भाटापारा से बिलासपुर सरगांव बैतलपुर नारायणपुर संबलपुर बेमेतरा पथरिया मारो नवागढ़ सहित अनेक स्थानों के लिए चल रहे यात्री बसों का भी आवाजाही इस जर्जर पुल से हो रहा है जनहित में वर्तमान जर्जर पुल को प्राथमिकता के साथ मरम्मत किए जाने की जरूरत है वही क्षेत्र के नागरिकों ने बजट में घोषित नए पुल निर्माण की मांग दोहराते हुए पुल निर्माण प्रक्रिया को गति देने की मांग शासन प्रशासन से करते हुये कहा है कि सेमरिया घाट पुल पर उच्च स्तरीय नवीन पुल बनाने की दिशा मे शीघ्र कार्यवाही को आगे बढाया जाये ताकि भाटापारा बिलासपुर सड़क मार्ग पर सुगम यातायात प्रारंभ हो सके।

# देश के साथ प्रदेश का चौमुखी विकास भाजपा शासन काल में - बृजमोहन

## शिवरतन ने कहा क्षेत्र में तमाम विकास कार्य भाजपा शासन काल में हुये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है व मोदी के कार्यकाल मे ही युवाओं महिलाओं एवं बेरोजगारों का उत्थान हुआ है उक्ताशय के विचार नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने भाटापारा प्रवास के दौरान आयोजित मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम मे व्यक्त किये। उपस्थित भाटापारा शहर ग्रामीण सिमगा एवं निपनिया मंडल के मतदाताओं का आभार प्रकट करते हुये उन्होने कहा कि आप सभी के संयोग एवं आर्शीवाद से मुझे सांसद व नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला है उसके फ लस्वरूप आने वाले समय मे देश के हर एक नागरिक के हित मे आगे कार्य किये जायेंगे। उन्होने शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना उज्जवला गैस योजना, महतारी वंदन योजना सहित अन्य तमाम योजनाओं का उल्लेख करते हुये कहा कि आम जनता को सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो इसके लिये प्रशासनिक अधिकारियों को काम करना है। उक्त अवसर पर उपस्थित मतदाताओं का बृजमोहन अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी का गमछा व पुष्प देकर सम्मान किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने अपने उदबोधन मे कहा कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र मे तमाम विकास के कार्य भाजपा शासन काल मे हीं हुये है और प्रदेश मे अभी विष्णुदेव सरकार की भाजपा शासन के कार्यकाल के केवल सात महीने की अवधि मे करोड़ो रूपये के विकास कार्यो की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। क्षेत्र मे सन 2017-18 से स्वीकृत ग्राम मोपका के कालेज भवन को कांग्रेसी बना नहीं पाये जिसके लिये भाजपा शासन काल मे वर्तमान मे चार करोड़ 78 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है जिससे मोपका कालेज भवन बनेगा इसी तरह सिमगा मे सवा सात करोड़ रूपये की लागत से व्यवहार न्यायालय भवन एवं लगभग नौ करोड़ रूपये की लागत से भाटापारा मे न्यायालय भवन का निर्माण किया जायेगा। यह भी भाजपा शासन की देन है उन्होने यह भी बताया कि आने वाले समय मे क्रिटिकल केयर हास्पिटल जिसकी लागत लगभग 13 करोड़ रूपये है



उसके निर्माण हो जाने से बेहतर चिकित्सा सुविधा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को मिल सकेगा। उक्त अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि विष्णुदेव सरकार के प्रदेश मे बागडोर संभालने के बाद छत्तीसगढ राज्य मे विकास की बयार बह रहीं है आम जनता के हित मे तमाम विकास के काम किये जा रहे है कार्यक्रम को भाजपा नेता अशोक बजाज, लक्ष्मी वर्मा ने भी संबोधित करते हुये कहा कि आने वाले चुनाव मे नगर पालिका व पंचायत मे भाजपा को विजयी बनाकर क्षेत्र व गांव के विकास मे आप लोगों को सहभागिता निभाना है उपरोक्त अवसर पर अनिल पांडे, राकेश तिवारी, आनंद अग्रवाल, आनंद यादव, पूनम मारकंडे, हेमसिंग चौहान, महाबल बघेल, सुनील यदू, आशीष जायसवाल, सतीश तलरेजा व व्यास नारायण यदू, सलीम खान व आयशा खान सहित भाटापारा ग्रामीण शहर निपनिया मंडल व सिमगा मंडल के तमाम पदाधिकारी व मतदाता बडी संख्या मे उपस्थित थे।

# हरी सब्जियों की कमजोर आवक होने से भाव आसमान छूने लगे



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** बारिश के मौसम लगने के बाद क्षेत्र मे कमजोर वर्षा होने से जहां किसान एक ओर चिंतित है वहीं बरसात मे लोकल सब्जी बाडी उत्पादन करने वाले गांव कुलीपोटा, तरेंगा, दौरेंगा, चौरेंगा, सीतापार, डोंगरिया, बुचीपार, सेमरिया, खोखली, टेंहका, गांडाडीह, बोड़तरा व दुधिया नवागांव सहित अन्य गांवों से हरी सब्जियो की लोकल आवक कमजोर हो जाने से स्थानीय सब्जी बाजार मे हरी सब्जियों के भाव मे लोगों को रूलाने पर मजबूर कर दिया है एक ओर जहां सुखी सब्जी आलू प्याज के भाव मे अप्रत्याशित तेजी का माहौल है वहीं टमाटर की लगातार बढती कीमत ने लोगों को रसोई घर से टमाटर की खपत को कम करने मजबूर कर दिया है सोमवार को लोकल बाजार मे टमाटर के भाव 80 रूपये प्रतिकिलो के उच्च स्तर पर जा पहुंचा जिसके भाव को सुनकर चिल्हर खरीददार बिदकने लगे व नाम मात्र के स्वाद के लिये कम मात्रा मे टमाटर खरीदते नजर आये वहीं अन्य हरी सब्जियों के भाव मे भी भारी उछाल आ जाने से लोग बढती महंगाई से त्रस्त हो गये है भाटापारा बाजार मे सेमी जैसी साधारण सब्जी 200 रूपये किलो पर बिकी वहीं ढेंश, कटहल, कददू, लौकी, बरबटटी, भिंडी, करेला, परवल, धनिया, मेथी, शिमला मिर्ची, पालक, चौलाई भाजी, लालभाजी, खेंड़ा भाजी, मुनगा, कोचई, खीरा, अदरक, कच्चा आम, तोरई व मुली सहित अन्य हरी सब्जियों के भाव भी आसमानी तेजी लिये हुये है। बाजार मे 40 रूपये पाव से नीचे कोई सब्जी नहीं बिक रहा है जिससे सामान्य वर्ग के उपभेक्ता काफ ी परेशान है उनके समझ मे यह नही आ रहा है कि भेजन मे क्या खायें और क्या न खायें क्योकि सूखी आलू प्याज की सब्जी भी उंचे दाम पर लगातार बिक रहीं है बढते महंगाई पर व्यापारियों का कहना है कि भाटापारा मार्केट मे मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं उत्तर प्रदेश सहित कुछ अन्य राज्यों से सब्जियों की आवक बारिश के चलते कमजोर है

उपर से लोकल बाडियों की आवक भी ठप्प हो गई है इसलिये बाहर राज्यों से आने वाली तमाम सब्जियों के भाव तेजी लिये हुये है उपर से भाटापारा से अल सुबह सैकड़ो छोटे बडे वाहन मे हरी सब्जी की बिक्री हो जाने के बाद आस पास के क्षेत्र बिल्हा, चकरभांठा, दगोरी, संबलपुर, मारो, कूंरा, चक्रवाय, मुंगवाय, मल्दा, मुंगेली, सरगांव, बैतलपुर, करहीबाजार, मोपका, सुहेला, हथबंद, हिरमी, भटभेरा, पडकीडीह, खपराडीह, रावन झीपन, अर्जुनी, रवान, पलारी, अमेरा, खरोरा, सण्डी, भैंसा, लाहोद, लवन, डमरू, लिमतरा, रसेड़ा, नांदघाट, सोनाडीह सहित अन्य गांव के हाट बाजार मे बडी तादाद मे जाने के कारण हरी सब्जियो के भाव लगातार उंचाई पर पहुंच रहे है वहीं सब्जी कारोबार मे लगे अनेक बिचौलिये बडे शहरो रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, कोरबा मे अच्छा भाव मिलने के कारण हरी सब्जियों की बडी खेप को तुरंत भाटापारा मार्केट से परिवहन के माध्यम से रवाना कर देते है फलस्वरूप हरी सब्जियो के भाव मे तूफ ानी तेजी का माहौल बना हुआ है।

हरी सब्जियों के बढते भाव के कारण शहर मे स्थित विभिन्न रसोई घर व भेजनालय मे लोगो को अब मन पसंद सब्जी भरपूर मात्रा मे नहीं मिल पा रहा है ज्यादातर भेजनालय मे सस्ती सब्जियों का रोज रोज परोसना भेजनालय मे भेजन करने वालो को रास नहीं आ रहा है कुल मिलाकर बढती महंगाई ने रसोई का बजट बिगाड़कर रख दिया है।

# 22 जुलाई से सावन माह की शुरूआत, शहर व क्षेत्र में शिव भक्त सक्रिय

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** 22 जुलाई दिन सोमवार से शुरू हो रहे सावन के पवित्र महीने मे शिव भक्ति को लेकर शहर व क्षेत्र के तमाम मंदिर व देवालय मे प्रारंभिक तैयारी रंग रोगन साज सज्जा व सफ ाई का क्रम शुरू हो गया है। नगर के मारवाडी कुंआ पास स्थित शिव मंदिर, औरैठी पारा नेहरू वार्ड बडे हनुमान मंदिर के समीप स्थित शिव मंदिर, नगर पालिका स्थित शिव मंदिर, कृषि मंडी स्थित शिव मंदिर, खप्पर बाबा शिव मंदिर, कैलाश धाम शिव मंदिर, शीतला माता स्थित शिव मंदिर, सिद्ध बाबा धौराभांठा शिव मंदिर सहित मदकू द्वीप शिव मंदिर, रामपुर स्थित शिव मंदिर मे सावन पर्व पर बडी तादाद मे शिव भक्त पूजा अर्चना के लिये पहुंचते है इसको लेकर व्यवस्था एवं अन्य तैयारी का काम द्रुत गति से चल रहा है। वहीं सावन महीने मे शिव भक्ति के लिये शहर से बाहर प्रसिद्ध शिव मंदिर व देवालय मे जाने के लिये भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे अभी से हजारो शिव भक्त विभिन्न यात्री ट्रेनो मे अपना रिजर्वेशन कराने मे जुटे हुये है। 22 जुलाई से सावन का पवित्र महीना प्रारंभ हो रहा है इस बार यह सुखद संयोग है कि लगभग 72 वर्षो बाद सावन का शुभारंभ 22 जुलाई सोमवार के दिन हो रहा है



सोमवार को शिव का वार माना जाता है वहीं सावन सोमवार का समापन भी सोमवार 19 अगस्त को होगा शिव भक्त मनोयोग से सावन यात्रा की तैयारी मे जुट गये है देश के प्रसिद्ध ऐतिहासिक व पौराणिक शिव आराध्य स्थल की ओर जाने भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे हजारो लोग पहुंचने लगे है जिसमे ज्यादातर लोग वाराणसी, बनारस, काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर, खण्डवा स्थित ओमकारेश्वर मंदिर, नासिक स्थित त्रयंबकेश्वर मंदिर, सौराष्ट्र गुजरात के नागेश्वर ज्योर्तिलिंग व सोमनाथ मंदिर, महाराष्ट्र के भीमाशंकर के अलावा घृष्णेश्वर व बाबा बैद्यनाथ धाम की ओर जाने वाले अपनी यात्रा टिकट बनाने मे लगे है वहीं अनेक शिव भक्त तो महीनो पहले से विभिन्न ट्रेनो मे अपना आरक्षण करा चुके है इस बीच भाटापारा रेल्वे स्टेशन से बहुंतायत संख्या मे लोग झारखंण्ड राज्य के देवधर मे स्थित शिव मंदिर जाने अभी से बोल बम का नारा क्षेत्र मे गुंजते हुये पहुंचने लगे है ज्यादातर भाटापारा क्षेत्र के लोग सुल्तानगंज पहुंचकर गंगा नदी से पवित्र जल लेकर 100 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुये भेले बाबा को जल चढायेंगे मान्यता है कि बाबा बैद्यनाथ धाम मे शिव भक्तों की तमाम मनोकामनायें व दुआये पूरी होती है इसी प्रकार सावन के महीना मे सड़क मार्ग से अनेक लोग यात्रा करने अभी से चौपहिया वाहनो की बुकिंग करा रहे है जिसमे खरौद, शिवरीनारायण, कवर्धा भेरमदेव, सिरपुर महासमुंद, कलेश्वर शिव मंदिर, पीथमपुर चांपा, अडभार शिव मंदिर सक्ति, भूतेश्वर महादेव मंदिर गरियाबंद, कुलेश्वर मंदिर राजिम, पातालेश्वर मंदिर मल्हार, शिव मंदिर पाली कटघोरा, शिव मंदिर देवबलौदा, मदकूद्वीप शिव मंदिर, सोमनाथ शिव मंदिर सहित अन्य स्थानो के लिये शिव भक्त अभी से वाहनो की बुकिंग करा चुके है। इस प्रकार सावन मे शिव भक्ति के लिये भक्त अभी से पुरी तरह तैयार है।

# मौसम परिवर्तन के साथ बीमारों की संख्या बढ़ी

## मेडिकल स्टोर्स में दवा खरीददारो की भारी भीड़



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदलते ही बड़ी तादाद में निजी व शासकीय अस्पताल में विभिन्न रोगों के शिकार मरीज पहुंच रहे हैं ज्यादातर मरीज को सर्दी खांसी वायरल फीवर एवं हाथ पैर दर्द बदन दर्द तथा उल्टी दस्त की शिकायत लेकर मरीज पहुंच रहे है ज्यादातर मरीज ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले उल्टी दस्त से पीड़ित है वही शहरी क्षेत्र में हाथ पैर बदन दर्द व बुखार के पीड़ित मरीज अस्पताल में बड़ी तादाद में पहुंच रहे हैं शहर के लगभग दो दर्जन से अधिक छोटे-बड़े निजी अस्पताल में मरीज अपना उपचार कराने कतार में लगे हुए हैं वहीं गंभीर रूप से बीमार मरीज अस्पताल में भर्ती है जिनका उपचार जारी है शासकीय अस्पताल में सर्दी बुखार के अलावा उल्टी दस्त के मरीज पहुंच रहे हैं उक्त संबंध में निजी डॉक्टरों की राय है कि मौसम में परिवर्तन के साथ ही वायरल फीवर व उल्टी दस्त की शिकायतें ज्यादातर मरीजों में लक्षण के रूप मे सामने आ रहे है इसके लिए डॉक्टरों ने लोगों से एहतियात बरतने की अपील करते हुये पानी को उबालकर पीने व बाहर के खान पान से दूर रहने की सलाह दी है इस बीच शहर में गंदगी के चलते मक्खी व मच्छरों की संख्या बढ़ जाने से लोग हलाकान हैं। सामान्य रूप से बीमार मरीज मेडिकल स्टोर्स से दवा लेकर अपना उपचार कर रहे है अनेक मेडिकल संचालको ने अपने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि प्रायरू अधिकांश मेडिकल स्टोर्स मे दवाईयों की रिकार्डतोड़ बिक्री बढ गई है जिसमे ज्यादातर दवाईयां उल्टी दस्त व सर्दी खांसी बुखार हाथ पैर बदन दर्द के बिक रहे है।

**प्रसूति के गंभीर प्रकरण में उल्टे पांव लौट रहे हैं महिला मरीज**

# भाटापारा सिविल हास्पिटल में एक लंबे समय से महिला रोग विशेषज्ञ नहीं

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** भाटापारा सहित आस पास सरहदी जिलो के लगभग 6 लाख आबादी के लिये आश्रित सिविल हास्पिटल भाटापारा मे आवश्यक चिकित्सा सुविधा बढाये जाने की जरूरत है हास्पिटल मे एक लंबे समय से महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर की नियुक्ति नहीं होने से महिलाओं से संबंधित विभिन्न रोगों का उपचार सिविल हास्पिटल मे नहीं हो पा रहा है वहीं प्रसूति के लिये आने वाली महिलाओं को अधिकांश प्रकरण मे महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर के न होने से रायपुर बिलासपुर भिलाई के अलावा निजी क्षेत्र के महंगे हास्पिटल की ओर जाना पड़ता है। शासकीय हास्पिटल मे शिशु रोग विशेषज्ञ डाक्टर के लिये समुचित उपकरण व अन्य सामान उपलब्ध नहीं होने से शिशु रोग से संबंधित गंभीर प्रकरणों मे भी बात बात मे मरीजों को रायपुर भिलाई बिलासपुर ले जाने के लिये रिफ र किया जा रहा है वर्तमान परिवेश मे बढते हुये हृदय रोग की बीमारी को मद्देनजर रख भाटापारा हास्पिटल मे हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर की नियुक्ति की मांग करते हुये लोग थक हार गये है लेकिन हास्पिटल मे सुविधा बढाने के लिये यथोचित पहल नहीं होने से शासकीय हास्पिटल मे लोगो को विभिन्न रोगो के उपचार का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है अविभाजित मध्य प्रदेश मे भाटापारा हास्पिटल मे दो दो महिला रोग विशेषज्ञ पदस्थ रहा करते थे लेकिन अलग राज्य बनने के बाद व्यवस्था मे सुधार होने के बजाय भाटापारा हास्पिटल की व्यवस्था और अधिक बिगड गई है। महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर न होने से महिलाओ के रोगों का जटिल उपचार भी भाटापारा हास्पिटल मे नहीं हो पा रहा है वर्तमान परिवेश मे क्षेत्र व शहर से अधिकांश प्रसव प्रकरण मे ऑपरेशन की नौबत आ रहीं है लेकिन महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर नहीं होने से उल्टे पांव गर्भवती महिलाओं व उनके परिजनों को हास्पिटल से लौटना पड़ रहा है यहां से लौटने के बाद मजबूरी मे परिजनों को डिलीवरी कराने महंगे बजट के निजी हास्पिटलों मे आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान होते हुये उपचार कराना पड़ रहा है। सिविल हास्पिटल मे एक लंबे समय से व्यवस्था सुधारने के संबंध मे आम जनता की आवाज उठ रहीं है उसके बावजूद कोई प्रशासनिक व राजनीतिक पहल नहीं होने से हास्पिटल केवल औपचारिकता निभाओं केन्द्र बनकर रह गया है जबकि रायपुर के बाद भाटापारा पूर्व रायपुर जिले मे सबसे बडी आबादी वाला नगर है जिसके आस पास सरहदी जिलो के लोग भी बडी तादाद मे उपचार कराने भाटापारा पहुंचते है इन सब के बावजूद सिविल हास्पिटल को सुविधा संपन्न बनाने व विशेषज्ञ डाक्टरो की नियुक्ति करने के संबंध मे ठोस पहल नही किये जाने से क्षेत्र की जनता मे भारी आक्रोश व्याप्त है। यह विदित रहे कि संयोग से क्षेत्र के प्रभारी मंत्री के पास स्वास्थ्य विभाग का जिम्मेवारी है लेकिन पिछले सात महीने मे एक बार भी प्रभारी मंत्री का भाटापारा प्रवास नहीं हुआ है वहीं जिले के उच्चाधिकारी भी भाटापारा हास्पिटल मे औचक निरीक्षण के लिये अभी तक नहीं पहुंचे है पूर्व कलेक्टर रजत बंसल ने भाटापारा हास्पिटल मे अनेक बार औचक निरीक्षण व छापामार शैली मे व्यवस्था सुधारने के लिये भरपूर प्रयास किया था उनकी कार्यकाल मे कुछ माह के लिये महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर की नियुक्ति भी हो गई थी लेकिन कुछ माह पश्चात महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर के अन्यत्र चले जाने से एक लंबे समय से नगर मे महिला रोग विशेषज्ञ का पद रिक्त पड़ा है जो कि गंभीर विषय है।

# साहू समाज के शपथ ग्रहण समारोह में विधायक हुये शामिल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नगर साहू समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश साहू व उनके टीम के शपथ ग्रहण समारोह मे विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुये। इस दौरान नव नियुक्त साहू समाज के पदाधिकारियों को सुनील साहू ने शपथ दिलाई। उपरोक्त अवसर पर इंद्र साव ने अपने संबोधन मे कहा कि समाज के उत्तरोत्तर विकास एवं समाज के उत्थान के लिये सभी को सक्रियता से मिलजुलकर काम करना होगा समाज के प्रत्येक बच्चों को शिक्षा के लिये प्रोत्साहित करते हुये स्वरोजगारमुखी कैरियर गाईडेंस के लिये समय समय पर समाज के बैनर तले शिविर आयोजित कर लोगों को जानकारी उपलब्ध कराने व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध मे आवश्यक प्रशिक्षण देने का कार्य करना चाहिये। साव ने समाजिक बुराईयो से दूर रहते हुये नशा पान सहित अन्य बुराईयों से युवाओं को दूर रहने का आव्हान किया साथ हीं समाज के विकास व मजबूती के लिये बुजुर्ग व महिला वर्ग को भी आगे आकर कार्य करने उन्होने अपील की। सुनील साहू ने सामाजिक व्यवस्था एवं नियमावली को सामाजिक रूप से पालन करने का आव्हान किया। उपरोक्त अवसर पर रेवाराम साहू, चौतराम साहू, दिनेश साहू, सुशील साहू, दीन दयाल साहू, राजाराम साहू, रवि साहू, सुरेन्द्र साहू, शंकर साहू, पन्नालाल साहू, जीवन साहू, लीलाधर साहू, भंवरलाल साहू, भरत साहू, सीताराम साहू, युगल किशोर साहू, पारसनाथ साहू, पारसमणी साहू, बलदाउ साहू, सहदेव साहू, तिहारू साहू, सरोज साहू, रामखिलावन साहू, सुरेन्द्र साहू, अशोक साहू, राजेश साहू, घनाराम साहू, मनीराम साहू, जीतनारायण साव, तिलक साहू, मुकेश साहू, अजय साहू, नारायण साहू, संतोष साहू, सुकृत साहू, अनूप साहू, किशन साहू, संतोष साहू, कल्याणी साहू, कमला साहू, हिरमत साहू, वींणा साहू, रूखमणी साहू, सीता साहू, नीरा साहू, सुरेश साहू, पितांबर साहू, सतीश साहू, सुखदेव साहू, कांति साहू, हेमंत साहू, तरूण साहू, निकेश साव व पीलाराम साहू सहित बडी संख्या मे समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

# सोशल मिडिया के विडियो गेम में 50 लाख की ठगी

## युवती ने पुलिस से कार्यवाही की लगाई गुहार

**भाटापारा।** सोशल मिडिया के फ`सबुक एकाउंट मे एक विडियों के माध्यम से तीन पत्ती मास्टर मे पैसे इन्वेस्ट कर रकम को दोगुना पांच गुना करके आसानी से पैसा कमाने के प्रलोभन मे नगर की एक शिक्षित युवती ठगी का शिकार हो गई व उक्त प्रलोभन वाले गेम मे उसने लगभग 50 लाख रूपये अपने घर के गंवा दिये ठगी के शिकार होन की बात का ऐहसास होने के बाद युवती ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट लिखाते हुये पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है। उपरोक्त संबंध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शंकर वार्ड निवासी पूजा गुप्ता ने पुलिस मे शिकायत दर्ज कराते हुये कहा है कि वह सन 2022 से फ`सबुक एकाउंट चला रहीं है फ`सबुक चलाने के दौरान उसके सामने एक विडियों के माध्यम से सूचना मिली कि तीन पत्ती मास्टर गेम मे रकम इंन्वेस्ट कर रकम को दोगुना पांच गुना करके आसानी से पैसा कमाया जा सकता है पूजा गुप्ता उक्त विडियों के झांसे मे आ गई व बताये गये लिंक को क्लिक कर अपने मोबाईल के जरिये गेम खेलने लगी इस दौरान उन्होने 18 जनवरी 2022 से लेकर 12 नवंबर 2022 से तक अपने अलग अलग खाता से ऑन लाईन रकम लगभग 6498200 जमा करा दिये उसके बाद युवती को कुल उक्त गेम से 1499700 रूपये वापस किया गया जिससे युवती का विश्वास उस गेम के प्रति बढ गया अधिक पैसे प्राप्ति की लालच मे तथा अपने विभिन्न जरूरत को पूरा करने आसानी से घर बनाने स्पोटर्स बाईक खरीदने जैसे लुभावने नारे के प्रलोभन मे युवती पूजा गुप्ता फ`स गई व विडियों मे दिखाये गये लिंक को क्लिक कर उनके द्वारा मोबाईल नंबर को प्रवेश करा दिया गया जिसके बाद तथा कथित गेम आयोजनकर्ता ने विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिये पूजा गुप्ता से लगातार पैसे ले लिये प्रलोभन मे पूजा गुप्ता ने अपने व अपने रिश्तेदारों तथा पति के को भी इस उम्मीद मे इंन्वेस्ट कर दिये कि उनके द्वारा भेजे गये सारे पैसे वापस आ जायेंगे लेकिन उक्त गेम तीन पत्ती मास्टर एप्प को आयोजनकर्ताओं ने लॉक कर दिया फ लस्वरूप उक्त एप्प खुलना ही बंद हो गया जिससे पूजा गुप्ता को ठगी का ऐहसास हुआ इस तरह लगभग 4998500 रूपये की ठगी पूजा गुप्ता के साथ हो गई जिसके बाद आर्थिक एवं मानसिक प्रताड़ना से त्रस्त पूजा गुप्ता ने पुलिस थाना पहुंचकर रिपोर्ट लिखाते हुये कार्यवाही की मांग की है जिस पर पुलिस ने धारा 420 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

# भाटापारा नगर पालिका को नगर निगम का दर्जा देने मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा। प्रदेश की सबसे बडी व सबसे पुरानी भाटापारा नगर पालिका को नगर निगम का दर्जा देने की मांग एक लंबे समय से लंबित है लेकिन उचित राजनीतिक पहल नहीं होने से भाटापारा नगर निगम का अस्तित्व नहीं कायम हो पा रहा है**




जबकि इसके समानांतर दुर्ग जिले के अनेक स्थानो को पूर्व मे नगर निगम का दर्जा दिया जा चुका है भाटापारा शहर प्रदेश का सातवां सबसे बड़ा नगर है। इसके आस पास सघन बढ रहीं आबादी व औद्योगिक एवं व्यवसायिक विस्तार को देखते हुये भाटापारा को नगर निगम का दर्जा अब हर हालत मे मिलना चाहिये नागरिकों ने संपूर्ण भाटापारा क्षेत्र के साथ साथ शहर सीमा से लगे गांव खोलवा, देवरी, खपराडीह, सुरखी, धौंराभांठा सिद्ध बाबा, ढाबाडीह, मुढीपार, कोड़ापार, पेन्ड्री, तरेंगा, सूरजपुरा, दतरेंगा, दतरेंगी, सूमा, कैथी, टेंहका, खोखली, बोड़तरा, सेमरिया, गोगिया, चमारी, राजाढार व आलेसुर सहित कुछ अन्य क्षेत्रो के हिस्से को समाहित कर लगभग डेढ लाख की आबादी मे भाटापारा नगर निगम का गठन कर क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। नगर निगम का दर्जा प्राप्त होने के बाद समस्त निगम क्षेत्र मे राज्य शासन के साथ साथ केन्द्रीय मद से अनेक योजनाओं का जहां क्रियान्वयन हो सकेगा वहीं केन्द्रीय मद मे भारी भरकम राशि विकास के लिये हासिल भी हो सकेगा तत्कालिन पालिका अध्यक्ष प्रणिता पांडे के कार्यकाल मे नगर निगम के लिये सुगबुगाहट व पहल हुई थी लेकिन उचित राजनीतिक पहल उच्च स्तर पर नहीं हो पाने से नगर निगम का सपना अधूरा रह गया जबकि इस दौरान धमतरी व चरौदा सहित अनेक क्षेत्रो को नगर निगम का दर्जा मिल गया था।

**टाउन एंड कंट्री प्लानिंग व मास्टर प्लान के तहत नगर निगम भाटापारा के लिये पर्याप्त आधार व कारण मौजूद है**

*नगर पालिका के पूर्व पालिका उपाध्यक्ष गणेश सिंग ध्रुव का कहना है कि सन 1998 से भाटापारा को नगर निगम का दर्जा देने के संबंध मे क्षेत्र के पांच किलोमीटर के परिधी मे आने वाले लगभग 23 गांव को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग योजना के तहत समाहित किया गया था मगर दुर्भाग्य से उक्त योजना को क्रियान्वित करने की दिशा मे राजनीतिक पहल नहीं हो पाने की वजह से भाटापारा का नगर निगम का सपना सकार नहीं हो पाया है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग व मास्टर प्लान के तहत नगर निगम भाटापारा के लिये पर्याप्त आधार व कारण मौजूद है शासन को अतिशीघ्र भाटापारा नगर निगम की घोषणा कर क्षेत्र के साथ इंसाफ करना चाहिये।*

वर्ष 2024 पर्यावरण जगरूकता हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो) के द्वारा

# आधारशिला स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन




**बिलासपुर।** वर्ष 2024 पर्यावरण जगरूकता हेतु आज दिनांक 18 जुलाई' 2024 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो), मुख्यालय के सदस्याओं द्वारा श्रीमति अंजुला साहू, उपाध्यक्षा /सेक्रो के नेतृत्व में आधारशिला स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया । इस अवसर पर श्रीमती नीति तिवारी,कोषाध्यक्ष/ सेक्रो तथा श्रीमती टिमा अग्रवाल, संयुक्त सचिव/सेक्रो के साथ सभी सदस्याओ द्वारा आम, अमरूद, सीताफल, चीकू, अशोक के पौधों का आरोपण किया गया।

पर्यावरण संरक्षण की महत्ता एवं पर्यावरण संरक्षण में एक जागरूक संगठन की तरह अपनी भूमिका को जिम्मेदारी पूर्वक निभाने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में लगातार वृक्षारोपण एवं पर्यावरण से संबंधित अनेको कार्यक्रम आयोजित किये जाते है । इसके साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, ना सिर्फ किसी विशेष अवसर पर बल्कि पूरे वर्ष जल, पर्यावरण एवं वातावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रयासरत है।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के इन सफल प्रयासों का प्रत्यक्ष उदाहरण बिलासपुर स्थित रेलवे कॉलोनी की हरियाली है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याणकारी संगठन रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिवार के कल्याण हेतु कार्य करने वाला एक संगठन है। यह संगठन विशेषकर महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न कार्यकलापों में संलग्न है। इसी के अन्तर्गत सेक्रो द्वारा आधारशिला, बाल वाटिका, रेलवे हॉस्पिटल कैन्टीन आदि संचालित किया जाता है। इसके साथ ही साथ समय-समय पर समाज कल्याण कार्यों में अपना योगदान दिया जाता है ।

# समीर कान्त माथुर ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार ग्रहण किया



**बिलासपुर।** समीर कान्त माथुर ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार आज दिनांक 16 जुलाई' 2024 को श्री विकास कुमार कश्यप से ग्रहण किया । श्री विकास कुमार कश्यप की पदस्थापना परिचालन विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में की गई है । श्री समीर कान्त माथुर भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसई) के 2011 बैच के अधिकारी है । श्री माथुर वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उप महाप्रबंधक (सा.) के पद पर पदस्थ हैं एवं वे उप महाप्रबंधक (सा.) के साथ मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी का कार्यभार भी देखेंगे ।

# कृषि उपज मंडी भाटापारा में जनहित एवं सार्वजनिक कार्यो के संपादन के लिए जीतेन्द्र शर्मा को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया



**भाटापारा।** भाटापारा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत कृषि उपज मंडी में जनहित एवं सार्वजनिक कार्यो के संपादन व आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, श्री जितेंद्र शर्मा, नयापारा वार्ड, भाटापारा निवासी को भाटापारा विधायक इन्द्र साव द्वारा अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर भाटापारा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में भी अनेक कार्यकर्ताओं द्वारा हर्ष व्यक्त किया जा रहा है।

# कालेज की समस्या को हल करने ज्ञापन सौंपा गया



**भाटापारा।** स्थानीय शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय मे व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर विद्यार्थी परिषद के सोहन साहू, राजीव मिर्झा, महेन्द्र भारद्वाज, सुशांत नवरंगे व संस्कार सोनी सहित अनेक छात्रों ने प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर समस्या के त्वरित निदान की मांग की है ज्ञापन मे मुख्य द्वार को बंद करने पर होने वाली असुविधा का जिक्र करते हुये छात्रो ने उसे प्रारंभ करने एक लंबे समय से निर्माणाधीन ऑडिटोरियम को शीघ्र पूर्ण कर प्रारंभ करने सहित अन्य समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट करते हुये समस्या के समाधान की मांग की है।

# नगरपालिका वार्ड परिसीमन को लेकर कांग्रेस जनों ने हल्ला बोला

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर शासन स्तर पर शुरुवाती तैयारी चालू हो गई है,जिसके लिए निकाय के सभी वार्डो में मतदाताओं की संख्या बराबर रखने सहित रेलवे ब्रिज ,सड़क पार ना करते हुए मतदाताओं की संख्या बराबर रखने के स्पष्ट निर्देश के बाद भी शहर में पालिका द्वारा किए गए परिशमन को नियम विरुद्ध बताते हुए नगर के कांग्रेस जनों ने गुरुवार को एस डी एम कार्यलय पहुंच कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है।इस दौरान लगभग 2 घंटे तक वहा गहमा गहमी का माहौल था।वही एस डी एम ने शिकायत की गंभीरता को लेकर पालिका के परिसीमन नोडल अधिकारी अजय नायडू को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए



शुक्रवार को नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया है।

उपरोक्त संबंध में जानकारी अनुसार स्थानीय कांग्रेसजनों ने गुरुवार को विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में एस डी एम कार्यलय पहुंचकर शासन के स्पष्ट निर्देश के बाद भी गलत तरीके से हुए वार्डो के परिसीमन को लेकर अपनी नाराजगी जताते लिखित में आपत्ति दर्ज कराई है। शिकायत कर्ताओं का कहना है वार्ड परिसीमन में शासन के द्वारा दी गई गाइड लाइन को दर किनार करते हुए अपनी मर्जी से वार्डो का परिसीमन कर दिया गया है।इन परिसीमन को देखने के बाद किसी वार्ड के मतदाताओं की संख्या मात्र 1000 है तो वही दूसरे वार्डो की जनसंख्या 1600 तो किसी वार्ड में 2000 से ऊपर भी है।आपत्तिकर्ताओं का ये कहना है कि अनेको वार्डो के लोगो को सड़क पार करते हुए अपनी मर्जी से दूसरे वार्ड में जोड़ा गया,वही रेलवे के वार्ड के लोगो को भी विभाजित कर आधा आधा कर दिया गया ।शिकायत कर्ताओं के मुताबिक 1 नंबर वार्ड में सड़क क्रॉसिंग कर वार्ड नंबर 8 के लोगो को जोड़ दिया गया।

वार्ड नंबर 10 के हिस्से को वार्ड नंबर 13 में जोड़ा गया।वार्ड नंबर 12 के हिस्से को वार्ड नंबर 16 में जोड़ा गया।14 नंबर वार्ड के हिस्से को सड़क क्रॉस कर 19 नंबर वार्ड में,वार्ड नंबर 16 और 17 का हिस्सा को वार्ड 21 में, 29 नंबर वार्ड के हिस्से को सड़क और रेल क्रासिंग कर वार्ड नंबर 31 में उसी तरह वार्ड नंबर 30 के हिस्से को सड़क और रेल क्रासिंग कर 29 नंबर वार्ड में जोड़ दिया गया है, जो बिल्कुल ही शासन की गाइड लाइन का उल्लंघन है।

इस संबंध विधायक इंद्र साव ने कहा कि नियम विरुद्ध नगरीय क्षेत्रों का परिसीमन हुआ है,जिसकी लिखित में शिकायत और आपत्ति दर्ज करा दी गई है।इस परिसीमन को देखने के बाद ऐसा लगता है कि किसी के इशारे या बोलने पर बिना मौका गए अधिकारियों और मातहत कर्मियों ने परिसीमन तय कर दिया गया है। इस दौरान एस डी एम कार्यलय में लगभग 2 घंटे तक कांग्रेस जन और वार्ड वासी उपस्थित थे। वही कांग्रेस जनों के द्वारा की गई आपत्ति पर पालिका के नोडल अधिकारी अजय नायडु को एस डी एम ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए शुक्रवार को जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

# स्कूल मार्ग पर अवांछनीय गतिविधि जारी रहने से छात्रायें परेशान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शासकीय पंचम यादव दीवान कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल मार्ग पर इन दिनो असामाजिक तत्व सक्रिय है जिससे स्कूल मे अध्ययनरत छात्राओं को आवाजाहीं मे तकलीफ से जूझना पड़ रहा है स्कूल मार्ग पर मनचले युवक जहां सक्रिय है वहीं शाम होते ही स्कूल मार्ग मे जगह जगह शराब के खाली बोतल डिस्पोजल पानी पाउच सहित अन्य सामान बिखरे पडे रहते है जिससे छात्राओं को स्कूल आवाजाहीं मे परेशानियों का सामना करते हुये स्कूल तक विद्या अर्जन के लिये आना जाना पड़ रहा है। उक्त स्कूल परिसर मे हिन्दी माध्यम का स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल का भी संचालन हो रहा है जबकि स्कूल के वातावरण के हिसाब से स्कूल व उसके पहुंच मार्ग का माहौल पूरी तरह सुरक्षित रहना चाहिये लेकिन शाम ढलते हीं संपूर्ण स्कूल मार्ग मे असामाजिक गतिविधियों मे लिप्त लोग सक्रिय हो



जाते है व शराब सेवन के साथ साथ छिटपुट ताशपत्ती का जुआ खेलने पहुंच जाते है जिससे स्कूल की गरिमा भी धूमिल हो रहीं है। प्रबुद्ध नागरिकों ने उक्त स्कूल मार्ग मे सघन पुलिस गश्त प्रारंभ करने तथा असामाजिक तत्वो के विरुद्ध ठोस कार्यवाही करते हुये व्यवस्था को सुधारने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत साहू ने स्कूल मार्ग मे अवांछनीय गतिविधियों को रोकने की पुरजोर मांग की है।

# भाटापारा में सड़क पर बस स्टैड होने से दुर्घटना का खतरा मंडरा रहा है

## लाखों की जनसंख्या वाले भाटापारा नगर में सुव्यवस्थित बस स्टैड नहीं

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** लगभग एक लाख की आबादी की ओर बढ रहे भाटापारा नगर मे व्यवस्थित बस स्टैड सुविधा नहीं होने से सड़क मार्ग पर यात्रा करने वाले तमाम यात्रियो को इन दिनो भारी मुसीबतों से जूझना पड़ रहा है क्योकि बस स्टैड व यात्री प्रतीक्षालय के अभाव मे तमाम सड़क मार्ग के यात्रियों को सड़क किनारे या फि र पान दुकान, होटल, ढाबा एवं अन्य दुकानो के सामने आश्रय लेना पड़ रहा है। प्रदेश का सातवां सबसे बड़ा शहर का यह दुर्भाग्य है कि नगर मे अभी तक व्यवस्थित बस स्टैड नहीं है जिसके लिये किसी भी राजनीतिक दल के नेताओं ने ध्यान देना या पहल करना उचित नहीं समझा है जिसके चलते शहर के सड़क मार्ग के तमाम यात्री शर्मसार हो रहे है। विभिन्न मार्गो पर बस के इंतजार मे खडे महिला यात्रियों को सर्वाधिक परेशानी से जूझना



पड़ रहा है खासकर व्यवस्थित शौचालय व मूत्रालय की व्यवस्था भी न होने से उन्हे अप्रिय स्थितियों से गुजरना पड़ रहा है। भाटापारा शहर से बिलासपुर, पथरिया, मुंगेली, मारो, नवागढ, बेमेतरा, करहीबाजार, बलौदाबाजार, खरोरा, सुहेला, मल्दा व सरगांव सहित अन्य मार्गो पर सैकड़ो की संख्या मे बसों की आवाजाहीं हो रहीं है लेकिन तमाम बसों का ठहराव अलग अलग सड़क पर होने से यात्री जहां भटक रहे है वहीं सड़क यातायात भी बाधित हो रहा है अक्सर सड़क पर हीं बस मालिकों द्वारा बस का संचालन करते हुये यात्री चढाने व उतारने के दौरान दुर्घटना का भय लोगों को सता रहा है उसके बावजूद प्रशासन की कुंभकरणी निद्रा नहीं टूटी है तत्कालिन कलेक्टर रजत बंसल व तत्कालीन एसडीएम नरेन्द्र बंजारा के कार्यकाल मे व्यवस्थित बस स्टैड की वैकल्पिक व्यवस्था के लिये तैयारी शुरू की गई थी लेकिन उक्त दोनो अधिकारियों के तबादले के बाद से भाटापारा बस स्टैड का मामला सड़क पर हीं पड़ा है फ लस्वरूप आज भी प्रमुख सड़को पर बसों का ठहराव व आवागमन का क्रम जारी है जिससे सड़क दुर्घटना की सौ प्रतिशत संभावना लोगों के सिर पर खतरे के रूप मे मंडरा रहा है क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने नव निर्वाचित विधायक, पालिका प्रशासन व जिला कलेक्टर से भाटापारा मे व्यवस्थित बस स्टैड की दिशा मे ठोस प्रयास करने की अपेक्षा जाहिर की है।

# बारिश के बावजूद भाटापारा मंडी में धान व उन्हारी की संतोषजनक आवक

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी व सबसे पुरानी कृषि उपज मंडी मे बारिश के मौसम के बावजूद धान की भरपूर आवक का क्रम निरंतर जारी है गुरूवार को भी प्रांगण मे 20 हजार से अधिक धान बोरों की आवक हुई जबकि प्रदेश की अन्य मंडियो मे कारोबार सुस्त रहा। मंडी प्रांगण मे विष्णु भेग धान 3600 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च दर पर बेचा गया वहीं



श्रीराम धान 3100 रूपये व एचएमटी 3070 रूपये प्रति क्विंटल पर बिका महामाया नया धान 2430 रूपये प्रति क्विंटल की रिकार्ड उच्च दर पर बिका वहीं मोटा मिक्स 2025 तथा सरना 2081 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया। उन्हारी की भी भाटापारा मंडी मे संतोषजनक आवक रहीं मंडी प्रांगण मे कोदो 3460 रूपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया वहीं गेहूं 3266 रूपये प्रति क्विंटल पर उच्च स्तर पर जाकर बेचा गया, गेहूं ईनेम का भाव 2379 रूपये प्रति क्विंटल रहा मंडी प्रांगण मे चना 6445 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बिका वहीं तिवरा 4599 रूपये तथा तिवरा ईनेम 4575 के दर पर बेचा गया प्रांगण मे मसूर 5421 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया, राहर 10900 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया, बटरी 5980 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया वहीं सरसों 4501 रूपये प्रति क्विंटल तथा मूंग 7000 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर बिका जिससे धान व उन्हारी बेचने आये किसान प्रसन्नचित मुद्रा मे नजर आये। भाटापारा मंडी मे बारिश के मौसम के बावजूद गुरूवार को बेमेतरा, कवर्धा, मुंगेली, सारंगढ-बिलाईगढ, चांपा जांजगीर व बिलासपुर सहित अन्य जिलो के दूर दराज गांव से किसान अपनी उपज बेचने पहुंचे।

# भाटापारा पालिका चुनाव को लेकर सुगबुगाहट तेज

## वार्ड परिसीमन का कार्य पूर्ण, दावा आपत्ति में कुल 20 आपत्तियां ही पहुंची

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** इस वर्ष के अंत मे दिसंबर 2024 मे संभावित नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रशासनिक व राजनीतिक तौर पर तैयारियां शुरू हो गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भाटापारा नगर पालिका क्षेत्र के संपूर्ण 31 वार्डो की सीमा निर्धारण संबंधी प्रक्रिया का कार्य अब अंतिम चरण मे पहुंच गया है सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव मे वार्डवासियों से दावा आपत्ति व सुझाव 15 जुलाई तक लिखित रूप से आमंत्रित किये गये थे जिसमे लगभग शहर के सभी वार्डो से मात्र 20 दावा आपत्ति प्राप्त हुये है उक्त दावा आपत्ति का निराकरण अनुविभागीय दंण्डाधिकारी कार्यालय मे किया जायेगा। पूर्व मे जैसे की चर्चा थी कि शहर सीमा के विस्तार के साथ हीं अनेक बडी आबादी वाले वार्डो का विभाजन कर कुछ नये वार्ड बनाये जायेंगे लेकिन शासन स्तर पर ऐसा कोई निर्देश नहीं आने के कारण पुराने 31 वार्डो के बीच हीं आबादी संतुलन दिखाते हुये परिसीमन का कार्य किया गया है परिसीमन पर सात दिन के भीतर दावा आपत्ति करने का समय निर्धारित किया गया था जो कि 15 जुलाई को समाप्त हो गया 15 जुलाई तक विभिन्न वार्डो से परिसीमन पर 20 दावा आपत्ति जमा हुये है उक्त दावा आपत्ति पर निर्णय होना बाकी है उसके पश्चात हीं अंतिम प्रकाशन वार्डो का होगा। मौजूदा पालिका मे कांग्रेस की सुनीता गुप्ता पालिकाध्यक्ष है वहीं पालिका मे कांग्रेस का हीं कब्जा है इस बीच उल्लेखनीय बात यह रहीं कि पालिकाध्यक्ष के कार्यकाल से असंतुष्ट कुछ पार्षदों ने अविश्वास का प्रस्ताव लाया था जो कि कशमकश के बीच मतदान के दौरान ध्वस्त हो गया मौजूदा कार्यकाल मे पार्षदों को अध्यक्ष चुनने का वोटिंग पावर प्राप्त था लेकिन आने वाले चुनाव मे प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली से पालिकाध्यक्ष पद का चुनाव होगा ऐसी जनचर्चा राजनीतिक गलियारो मे जोर शोर से जारी है। राज्य शासन द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के संबंध मे नये दिशा निर्देश व कानून पारित होने के बाद ही यह स्पष्ट हो पायेगा कि आने वाले पालिका चुनाव मे पालिकाध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से मतदाता करेंगे या फि र मौजूदा व्यवस्था के तहत हीं चुनाव होंगे यदि प्रत्यक्ष मतदाता प्रणाली से अध्यक्ष का चुनाव हुआ तो वार्ड के प्रत्येक मतदाताओं को दो मतदान करना होगा जिसमे एक मे वार्ड पार्षद का चयन करने वोट डाले जायेंगे वहीं दूसरे मे पालिकाध्यक्ष के वोट रहेंगे फि रहाल लोगों को राज्य शासन के निर्देश की प्रतीक्षा है लेकिन नगरीय चुनाव को लेकर अंदरूनी तौर पर प्रशासनिक व राजनीतिक तैयारी चल रहीं है।

# आदिवासी समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान



**भाटापारा।** विकासखण्ड के ग्राम गोढी टोपा मे आदिवासी समाज द्वारा टोनाटार चक के बैनर तले दुर्गावती बलिदान दिवस के कार्यक्रम मे सत्र 2023-24 मे कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं मे उत्कृष्ट अंको के साथ परीक्षा उर्त्तीण करने वाले छात्र-छात्राओं को आदिवासी समाज की प्रेरणास्त्रोत वीरांगना रानी दुर्गावती के छायाचित्र भेंट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष दौलत कुंजाम ने समाज के हित मे शिक्षा पर जोर देते हुये कहा कि शिक्षा के जरिये हीं हम समाज व देश की दशा व दिशा बदल सकते है आदिवासी समाज का अतीत गौरवशाली परंपरा से भरा पड़ा है जिसको आगे भी कायम रखना है। उक्त कार्यक्रम मे 35 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओ का सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे पंचराम ध्रुव नंदकुमार ध्रुव, अमर मंडावी, लोकेश मंडावी, नारायण नेताम, गजेन्द्र कतलम, बलराम नेताम, अमर सिंग ठाकुर, बाला मरकाम, दिनेश ध्रुव, हीरालाल ध्रुव, देवकुमार ध्रुव, रामायण नेताम, संतोष ध्रुव, हरिकीर्तन ध्रुव, धनीराम ध्रुव, भारत ध्रुव, साधराम नेताम, गजानंद ध्रुव, शोभाराम ध्रुव व धनेश्वर ध्रुव सहित बडी संख्या मे समाजिक बंधु उपस्थित थे।

# सांसद संतोष पान्डेय के अथक प्रयास से राजनांदगांव डाक उप संभाग को पूर्ण संभाग का दर्जा मिला

## सांसद की पहल पर केन्द्रीय मंत्री ने लगाई मुहर

ब्यूरोचीफ गौरव अग्रवाल



**राजनांदगांव बना संभाग**

**राजनांदगांव।** संसदीय क्षेत्र के सांसद संतोष पान्डेय के प्रयास से राजनांदगांव डाक विभाग के उपसंभाग को पूर्ण संभाग का दर्जा प्राप्त हो गया है। मंत्रालयीन आदेश के माध्यम से विभाग ने पत्र जारी कर इस बाबत जानकारी प्रसारित भी कर दी है। सांसद संतोष पान्डेय ने बताया कि 17 वीं लोकसभा के दौरान इस विषय को लोकसभा मे मंत्री जी के समक्ष रखा था जिसमे संभागीय कार्यालय भिलाई मे होने के कारण राजनांदगांव लोकसभा की जनता एवं कर्मचारी डाक विभाग से संबंधित कार्य हेतु भिलाई (दुर्ग) पर निर्भर रहने संबंधी अपनी बात रखी थी जिस पर मंत्री जी ने आश्वसन दिया था एवं विभागीय अधिकारियों को उक्त संबंधी प्रक्रिया



पूरी करने हेतु आदेशित किया था, सांसद संतोष पान्डेय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं संचार विभाग के मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं तात्कालीन मंत्री श्री अश्वानी वैष्णव का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र को लाभ होगा एवं डाक विभाग संबंधी कार्यो के लिए दुर्ग पर निर्भरता कम होगी। राजनांदगांव को पूर्ण संभाग का दर्जा प्राप्त होने पर राजनांदगांव स्थित डाक विभाग के अधिकारी कर्मचारियों एजेंटो ने सांसद से मिल कर उन्हे बधाई दी।

# यात्रियों के हित मे रेल प्रशासन ने गोंडवाना एक्सप्रेस में जनरल व स्लीपर को बढ़ाने का निर्णय लिया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** रेलवे प्रशासन द्वारा एक्सप्रेस ट्रेनों की अलग-अलग श्रेणियों में यात्रा करने वाले यात्रियों की होने वाली भीड़ को ध्यान में रखकर उनकी बेहतर यात्रा सुविधा हेतु अतिरिक्त कोचों का आवर्धन एवं ट्रेनों के कोच संरचना में संशोधन किया जा रहा है जनरल एवं स्लीपर श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 12410ध्12409 निजामुद्दीन-रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस के कोच संरचना में संशोधन करते हुये जनरल एवं स्लीपर कोच की संख्या में वृद्धि की जा रही है। गाड़ी संख्या 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस में 28 अक्टूबर 2024 से एवं गाड़ी संख्या 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस में 30 अक्टूबर 2024 से 01 अतिरिक्त जनरल कोच एवं 03 स्लीपर कोच जोड़े जा रहे हैं इन कोचों के जुडने से इस गाड़ी में 04 जनरल कोच व 05 स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी इससे ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को जनरल व स्लीपर कोच में यात्रा करने की सुविधा मिलेगी साथ ही 8 सामान्य कोच में यात्रियों की भीड़ का दबाव भी कम होगा और यात्रीगण सुगम एवं आरामदायक यात्रा कर सुखद अनुभव प्राप्त कर सकेंगे ।




प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in